संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, रविवार, 31 मार्च 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने राष्ट्रपति मुर्मु से भारत रत्न सम्मान स्वीकार किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 09 अंकः 88 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

आदर्श विचार



"जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु भी निश्चित है।
-भगवद् गीता"

मन की बात



"जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है।
-स्वामी विवेकानंद"

# महारैली के लिए विपक्ष तैयार

## विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए तानाशाही के खिलाफ और देश का लोकतंत्र-संविधान बचाने के लिए जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेगा

विपक्ष एकजुट

8 अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा: गोपाल राय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के आह्वान पर 31 मार्च को आईएनडीआईए की हो रही महारैली के लिए रामलीला मैदान पूरी तरह से तैयार है। महारैली में पूरा विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए तानाशाही के खिलाफ और देश का लोकतंत्र-संविधान बचाने के लिए जनता के साथ मिलकर अपनी आवाज बुलंद करेगा। शनिवार को आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने रामलीला मैदान जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि रैली में कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, एनसीपी से शरद पवार, शिवसेना से उद्धव ठाकरे, सपा से अखिलेश यादव, आरजेडी से तेजस्वी यादव और लेफ्ट समेत दर्जनों बड़े नेता शामिल होंगे। राय ने कहा कि देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने का यह आखिरी मौका है। अगर आज देश की जनता ने आवाज नहीं उठाई तो कल कोई भी अपनी आवाज नहीं उठा पाएगा। उन्होंने कहा, दिल्लीवालों से भाजपा ने पहले सुप्रीम कोर्ट से मिला अधिकार छीन लिया और अब उनका मुख्यमंत्री छीन लिया है।



### ईडी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को समन कब भेजेगी: गोपाल राय

**दिल्ली** के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को समन भेजे जाने को लेकर गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी के लोगों को समन भेजना अब रोज की बात हो गई है। लेकिन देश जानना चाहता है कि जिनके ऊपर केवल आरोप है और कोई सबूत नहीं है, उनको तो ईडी रोजाना समन भेज रही है। लेकिन जमानत पर बाहर जिस आरोपित सरथ चंद्र रेड्डी के बयान के आधार पर सारी गिरफ्तारियां हो रही है और समन भेजे जा रहे हैं, जिस भाजपा ने सरथ चंद्र रेड्डी से 60 करोड़ रुपये लिए, उस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ईडी समन कब भेजेगी।

### 'रैली का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाना'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आईएनडीआईए गठबंधन पर निशाना साधते हुए रामलीला मैदान में होने वाली रैली को भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन करार दिया है। भाजपा ने कहा कि इस रैली का मकसद सिर्फ भ्रष्टाचारियों को बचाना है। शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह रैली 'भ्रष्टाचार बचाओ आंदोलन' के अलावा और कुछ नहीं है। इस रैली का नारा है 'करेंगे भ्रष्टाचार, कहेंगे इसको शिष्टाचार, जब जांच होगी तो चिल्लाएंगे अत्याचार।' पूनावाला ने कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल कहते थे कि वे लालू यादव, सोनिया गांधी और राहुल गांधी को जेल में डालेंगे, क्योंकि उन्होंने 'भ्रष्टाचार' किया है।

# नरसिम्हा, चौधरी चरण सिंह को मिला भारत रत्न सम्मान

## वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भारत के दो पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इनके साथ भारत में हरित क्रांति के जनक कहे जाने वाले वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

**परिजनों ने प्राप्त किए पुरस्कार:** भारत रत्न सम्मान समारोह राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया। सभी के पुरस्कार उनके परिजनों ने प्राप्त किये। पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया। वहीं, चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने मुर्मु से सम्मान स्वीकार किया। स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे

गर्व का पल

8 नरसिम्हा राव के बेटे पी वी प्रभाकर राव ने राष्ट्रपति से अपने पिता को प्रदान किया गया पुरस्कार प्राप्त किया

रामनाथ ठाकुर ने राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त किया। समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। सरकार ने इस साल पांच भारत रत्न पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी भी शामिल हैं।

**कर्पूरी ठाकुर के बेटे ने पीएम मोदी का जताया आभार:** भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के बेटे राम नाथ ठाकुर ने कहा कि मैं बहुत प्रसन्न हूं कि केंद्र सरकार ने मेरे पिता के काम को स्वीकार किया और उन्हें यह पुरस्कार दिया।

## डीएमके नेता ए राजा की कार की जांच में ढिलाई बरतने पर नपे अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** तमिलनाडु के नीलगिरी से डीएमके उम्मीदवार ए राजा की गाड़ी की जांच में ढिलाई बरतने के आरोप में फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के एक अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई चुनाव आयोग ने की है। चुनाव आयोग का मानना है कि प्रमुख नेताओं के प्रति इस तरह का नरम रवैया चुनाव में समान अवसर के तालमेल को बिगाड़ सकता है। दरअसल, कुन्नूर के पास एक अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर एक राजा के काफिले की जांच में ढिलाई के संबंध में कुछ रिपोर्ट्स सामने आई थीं।

**फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रमुख को निलंबित किया:** सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट्स और उसके बाद नीलगिरी के रिटर्निंग अधिकारी और व्यय पर्यवेक्षक की जांच के आधार पर, चुनाव कर्तव्यों के पालन में कमियां पाए जाने पर फ्लाइंग स्क्वॉड टीम के प्रमुख को निलंबित कर दिया गया है।

# मुख्तार के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब, बेटे ने पिता की मूछों पर आखिरी बार ताव दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजीपुरः** मुख्तार अंसारी के जनाजे में भारी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। शनिवार की सुबह से लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ती गई। उधर, मूछों से पहचाने जाने वाले माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे ने अंतिम विदाई से पहले पिता की मूछों पर ताव दिया। बांदा मेडिकल कॉलेज से एंबुलेंस से उसके शव को शुक्रवार को दोपहर बाद करीब 4:43 बजे गाजीपुर के लिए रवाना किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजाम और एंबुलेंस सहित 21 गाड़ियों के साथ बांदा से गाजीपुर की दूरी करीब 8.32 घंटे में तय हुई। मुख्तार अंसारी की मौत गुरुवार की रात बांदा मेडिकल कॉलेज में हार्टअटैक से हुई थी। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, फिर शव परिजनों के सुपुर्द करके करीब 4.43 बजे एंबुलेंस से गाजीपुर के लिए भेजा गया था।

# हेमा मालिनी के सामने बॉक्सर विजेंदर लड़ेंगे चुनाव

चुनावी बिसात

8 मथुरा लोकसभा सीट से बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला रोमांचक बना दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः** मथुरा लोकसभा सीट से अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर विजेंदर सिंह को कांग्रेस ने टिकट देकर चुनावी मुकाबला काफी रोमांचक बना दिया है। यहां दो बार की सांसद हेमा मालिनी से बॉक्सर विजेंदर सिंह की सीधी टक्कर होगी। जाट बाहुल्य



सीट पर कांग्रेस ने जाट कार्ड खेल कर इस चुनाव में कांग्रेस ने सभी को चौंका दिया है। भाजपा ने मथुरा से दो बार की सांसद फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि यहां से रालोद का साथ भी उन्हें मिला हुआ है।

**दूसरे चरण में है मतदानः** मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी 26 अप्रैल को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे चार जून को आ जाएंगे।

**दो बार दर्ज की जीतः** भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी ने पिछले दो लोकसभा चुनावों यानी 2014 और 2019 मथुरा लोकसभा से जीत हासिल की थी। साल 2019 हेमा मालिनी को टक्कर देने के लिए 12 अन्य उम्मीदवार मैदान में थे। कांग्रेस ने महेश पाठक, राष्ट्रीय लोक दल ने कुंवर नरेंद्र सिंह, स्वतंत्र जनताराज पार्टी ने ओम प्रकाश को मैदान में उतारा था। मगर हेमा मालिनी ने जोरदार जीत हासिल की थी। वहीं साल 2014 में भी हेमा मालिनी ने यहां जीत दर्ज की थी। बीजेपी ने मथुरा लोकसभा सीट पर लगातार तीसरी बार हेमा मालिनी को उतारा है।

# भाजपा ने किया मैनिफेस्टो कमेटी का एलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भाजपा ने अपनी मैनिफेस्टो कमेटी का एलान कर दिया है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह समिति लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी वादों को लेकर विचार-



विमर्श करेगी और उन्हें अमलीजामा पहनाएगी। इसके लिए समिति देश भर के लोगों से सुझाव मांगेगी।

इस समिति के 27 सदस्यों में गुजरात, असम और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के अलावा कई अन्य केंद्रीय मंत्रियों को शामिल किया गया है।

## पीएम के विकसित भारत अभियान में खिलाड़ी भी करें सहयोग: त्रिवेंद्र सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वारः** हरिद्वार से भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने शनिवार को खिलाड़ियों के सम्मेलन में युवा खिलाड़ियों से कहा कि वे भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के अभियान में अपना सहयोग करें। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले दस साल में देश में खेलों के साथ खिलाड़ियों को भी हर क्षेत्र में प्रोत्साहित किया है।

पश्चिमी विक्षोभ

लाहौल-स्पीति में 159 सड़कें बंद

# हिमाचल प्रदेश में अंधड़-बर्फबारी से बढ़ी मुश्किलें

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** हिमाचल प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदल गया है। ओरेंज अलर्ट के बीच राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात से बर्फ गिर रही है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लु में बर्फबारी हो रही है। वहीं राजधानी शिमला सहित मैदानी इलाकों में आंधी व बिजली कड़कने के साथ झमाझम बारिश का दौर जारी है। वहीं कई जगह ओले भी गिरे। मौसम में आये इस बदलाव से पहाड़ी इलाकों में ठिठुरन बढ़ गई है तो मैदानों में उमस का असर कम हुआ है। पिछले दो-तीन दिनों में राज्य के मैदानी हिस्सों



का तापमान तेजी से बढ़ रहा था। ऊना, कांगड़ा, मंडी, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में अधिकतम तापमान के 33 डिग्री पार कर जाने से गर्मी पड़ना शुरू हो गई थी। ऊना में तो पारा 35 डिग्री पहुंच गया था। अब इन जिलों में बादलों के बरसने से मौसम सुहावना हो गया है।

**चार अप्रैल तक खराब रहेगा मौसमः** मौसम विभाग ने चार अप्रैल तक बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। विभाग ने शनिवार और रविवार को कई जिलों में बर्फबारी, बारिश और अंधड़ चलने का ओरेंज व येलो अलर्ट जारी किया है।

बर्फबारी

8 ओरेंज अलर्ट के बीच राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में बीती रात से बर्फ गिर रही है

ओरेंज अलर्ट तब जारी किया जाता है जब मौसम सामान्य की तुलना में ज्यादा खराब होता है। इस स्थिति में लोगों को घरों से कम से कम बाहर निकलने की हिदायत दी जाती है।



## न्यूज फ्लैश

### स्कूल प्रशासन और भीमराव अंबेडकर समिति द्वारा विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम हेतु किया गया सम्मानित

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक विद्यालय आट्टा में कक्षा पहली से कक्षा ग्यारहवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और जिन विदयार्थियों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान को प्राप्त किया, उन विदयार्थियों को प्रधानाचार्य सुनील शर्मा और भीमराव अंबेडकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया । प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने पहली से ग्यारहवीं कक्षा से प्रथम इ्ठ द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विदयार्थियों को सराहनीय प्रमाण पत्र, मैडल और स्टैशनेरी किट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर समिति के सदस्य पाले राम, नरेंद्र महावीर कुमारी राधा द्वारा भी सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विदयार्थियों को लंच बॉक्स व स्टैशनेरी किट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुमारी राधा ने अपने भाषण के माध्यम से विदयार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए विदयार्थियों को प्रेरित किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील शर्मा ने अपने सम्बोधन में शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विदयार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा भीमराव अंबेडकरं समिति के सदस्य व एस एम सी के सदस्यों, अभिभावकों को बधाई के साथ साथ धन्यवाद किया । इस अवसर पर सूबेसिंह, विनोद कुमार, जगमेन्द्र, विजय बिजेंद्र सिंह, जसवंत, संदीप योगेंद्र, आशा, भूमिका, आरती योगिता सुशीला, मंदीप, रवीन्द्र उपस्थित रहे ।

### भक्त वह है, जिसके प्राणों में परमात्मा बसते हैं : सुधांशु जी महाराज

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** विश्व जागृति मिशन करनाल मंडल के सौजन्य से स्थानीय पावन धाम आश्रम में आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित भक्ति सत्संग के तीसरे दिवस का शुभारंभ सुमधुर भजनों से हुआ। व्यास पूजन के उपरांत भक्तों ने माल्यार्पण कर पूज्य महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। उपस्थित भक्तों को संदेश देते हुए पूज्य महाराज श्री ने कहा कि जिसकी लगन जहां होती है, उसकी दृष्टि संसार में सर्वत्र उसी वस्तु को तलाशती है। भगवान का भक्त संसार में सर्वत्र अपने परमात्मा की दिव्यता का दर्शन करता है। फूलों के विविध प्रकार, फलों के अलग-अलग स्वाद, अलग-अलग ऋतु, धरती आकाश, सागर, पर्वत, नदियों की सुंदरता भक्तों को प्रभु की महिमा की याद दिलाती है। जिसका मन प्रभु के रंग में रंगा है, जिसने अपने प्राणों में भगवान नाम को बसाया है, उसकी चर्चा के केंद्र में भी भगवान ही होते हैं। उसे भक्तों की संगति ही पसंद आती है। महाराज श्री ने कहा कि भगवान की महिमा सुनकर ही वह खुश होता है। भगवान की महिमा की चर्चा करता है। उसका तन, मन, धन अपने प्रभु के लिए अर्पित होता है। ऐसा भक्त चलते फिरते, उठते बैठते, श्वास श्वास में भगवान का नाम जप करता है। उसकी चिंतन धारा परमात्मा की ओर ही प्रवाहित होती है। प्राणी मात्र में वह उसी ईश्वर तत्व को तत्वतः देखता है। उन्होंने कहा कि भक्ति मार्ग में प्रगति के लिए सदगुरु से मंत्र प्राप्त कर नियमपूर्वक जप करें। जप जितनी श्रद्धा एवं प्रेम से करेंगे, उतनी जल्दी कृपा होगी। मोह एवम अहंकार भक्ति मार्ग की सबसे बड़ी बाधा है। उपनिषद् के ऋषियों ने ग्रंथ में अपना नाम तक नहीं दिया। आंतरिक रूप से व्यक्ति जितना ऊंचा होगा, उतनी ही अधिक विनम्रता उसके जीवन में होती है। भक्ति का मार्ग समर्पण का मार्ग है।

# 'अव्वल परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र होते हैं विद्यालय की आन-बान-शान'

## विद्यालय परिसर में पौधारोपण करके दिया स्वच्छ पर्यावरण का संदेश

**शत प्रतिशत**

8 विद्यालय के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने बताया की परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप शत प्रतिशत रहा



**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी में वार्षिक परिणाम घोषणा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य दया सिंह स्वामी ने बताया की परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप शत प्रतिशत रहा है जिसका श्रेय उन्होंने मेहनती शिक्षकों ,बच्चों और उनके अभिभावकों को दिया।मुख्य अतिथि के रूप में कुरुक्षेत्र के जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि अव्वल परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्र होते हैं विद्यालय की आन बान शान। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर भी उपस्थित रहीं। विद्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी हरदीप कौर व प्रधानाचार्य दया सिहं स्वामी ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर-के पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कक्षा छठी से धर्यश ,पारूल तथा हंशिका ने और कक्षा सातवीं से अपर्णा ,कुनिका तथा सिमरप्रीत ने क्रमश प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया ।आठवीं कक्षा से आर्यन ,रितिक तथा मनजोत और कक्षा नवीं से प्रिंस ,अक्षय तथा हरमन और परमीत ने क्रमश प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया ।कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय से स्नेह ,आयुषी और अंजलि तथा ग्याहरवीं वाणिज्य संकाय से दिशा ,आरती तथा दक्ष ने क्रमश प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं विज्ञान संकाय से निश्चल, आदित्य तथा नैंसी ने क्रमश प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त कक्षा ग्याहरवीं की निश्छल ने मंडल स्तर पर कक्षा सातवीं की सुहाना और आठवीं के आर्यन ने राज्य स्तर पर स्कूल का नाम रोशन किया।कक्षा 12 विज्ञान संकाय के छात्र ऋषव तथा नीलक्ष के अलावा तीन अन्य छात्र जे. ई. ई.मुख्य परीक्षा में अपना लोहा मनवा चुके है।वार्षिक परीक्षा परिणाम में वितरित किये जाने वाले समस्त इनाम ,छात्रों ,अभिभावकों तथा समस्त स्टाफ के लिए जल पान का आयोजन मनु सेवा समिति के संस्थापक श्री जय चंद तथा उनके परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्राम खैरी से सरपंच श्रीमती नीतू सैनी,सरपंच प्रतिनिधि श्री सुरेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान श्रीमती सुनीता देवी ,उप प्रधान गुलजार तथा खैरी विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय के परीक्षा परिणामों की उत्कृष्टता ने न केवल विद्यालय की गुणवत्ता को बढ़ाया है, बल्कि इससे छात्रों के उज्जवल भविष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा है।

## जिला पुलिस का नशीले पदार्थो पर शिकंजा, अफीम के पोधे उगाने का आरोपी गिरफ्तार




**सफलता**

8 90 हजार रुपये कीमत के 2.5 किलोग्राम वजनी 450 अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता हासिल की

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ अफीम के पोधे उगाने के आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र रिषपाल सिंह वासी ठरू दीवाना पेहवा हाल वासी मॉडल टाउन पेहवा कुरुक्षेत्र को काबू करके उसके कब्जा से करीब 90 हजार रुपये कीमत के 2.5 किलोग्राम वजनी 450 अफीम के पौधे बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनांक 29 मार्च 2024 को प्रभारी के मार्ग निर्देश में के उप निरीक्षक जयकिशन, संजीव कुमार, हवलदार सतीश कुमार, प्रवीन कुमार, एसपीओ संजय कुमार महिला सिपाही रितु व गाड़ी चालक विनोद कुमार की टीम पुलिस कोर्ट परिसर पेहवा के सामने मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुलदीप सिंह पुत्र रिषपाल सिंह वासी ठरू दीवाना ने अपने बाड़ा के अंदर आड़ लगाकर काफी मात्रा मे बिना लाईसैंस व परमिट के अफीम की फसल उगाई हुई है।

मौका पर राजपत्रित अधिकारी अनिल कुमार उप पुलिस अधीक्षक पेहवा को बुलाया गया। मौका पर खड़े व्यक्ति से उसका नामपता जिसने पूछने पर अपना नाम कुलदीप सिंह पुत्र रिषपाल सिंह वासी ठरू दीवाना पेहवा जिला कुरुक्षेत्र बताया।

## यातायात नियम एवं साइबर क्राइम की दी जानकारी

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** गांव नरकातारी में चल रहे एनएसएस शिविर में जिला पुलिस मुख्यालय कुरुक्षेत्र से सब इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने यातायात के नियमों के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि हमारा जीवन अनमोल है और जीवन की क्षति की किसी भी तरीके से पूर्ति नहीं हो सकती। प्रतिवर्ष यातायात के नियमों के उल्लंघन से हजारों सड़क दुर्घटनाएँ होती हैं जिसमे लाखों जाने जाती है। हम यातायात के नियमों जैसे गति सीमा का पालन, हेलमेट व सीटबेल्ट का अनिवार्य प्रयोग व सही लेन में गाड़ी ड्राइव करना आदि का पालन कर अपना जीवन सुरक्षित बना सकते हैं और सड़क दुर्घटनाओं में काफी कमी ला सकते हैं। नरेश कुमार ने साइबर अपराधों की समस्या पर चर्चा करते हुए कहा कि किस प्रकार से ईलेक्ट्रॉनिक व इंटरनेट माध्यमों से अपराधी हमें अपना शिकार बनाते हैं और इनसे बचने के उपायों जैसे की सही पासवर्ड, समय-समय पर पासवर्ड बदलते रहना, भ्रामक लिंक व अनजान प्रलोभन प्रेरित फोन काल से संपर्क न करना।

## जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन -5 की ट्रॉफी हुई लॉन्च

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: इस** वर्ष होने जा रहे चार दिवसीय जैन क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन-5 की जर्सी और ट्रॉफी लॉच के कार्यक्रम का आयोजन पीकेआर जैन स्कूल के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम के मुख्यसहयोगी पी. के आर जैन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की प्रबंधक समिति का स्वागत श्री मणिभद्र वीर यंग सोसायटी के सदस्यों द्वारा किया गया। इसी के साथ पी.के.आर की प्रबंधक समिति का सम्मान श्री मणीभद्र वीर यंग सोसायटी की प्रबंधक समिति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के इस वर्ष होने जा रहे जेसीपीएल सीजन-5 के सभी स्पॉन्सर उपस्तिथ रहे। सोसायटी के प्रधान लव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री माणीभद्र वीर यंग सोसायटी अंबाला की पहली ऐसी संस्था है जिसने अंबाला में डेनाइट टूनार्मेंट करवाकर अपना नाम इतिहास में दर्ज करवाया है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाना और आपसी भाईचारा बढ़ाना है।



सचिव संकेत जैन ने टूनार्मेंट की जानकारी देते हुए बताया कि इस सीजन में 8 टीम और 104 खिलाड़ी भाग ले रहे है। यह खेल 4 अप्रैल से 7 अप्रैल तक पी.के.आर. जैन वाटिका में खिलाया जाएगा। पीकेआर जैन इंस्टीट्यूशन्स की प्रबंधक समिति के सचिव संजीव जैन ने कहा कि सोसायटी द्वारा युवाओं का खेल के माध्यम से एक मंच पर लेकर आना सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में सोसायटी के प्रधान लव जैन के साथ चेयरमैन भाविक जैन, उपप्रधान भरत जैन, सचिव संकेत जैन, कोषाध्यक्ष विकुल जैन,सहसचिव नव्यम जैन,करुणजैन,मनन जैन,अमन जैन,सुकान्त जैन ,पुनीत जैन, समर्थ जैन व अन्य सदस्य मौजूद रहे। मंच संचालन एंकर एवं मोटिवेशनल स्पीकर रजनी अरोड़ा एवं भरतजैन द्वारा किया गया।

## बेहतरीन परीक्षा परिणाम लाने वाले छात्रों को प्राचार्य ने किया सम्मानित

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सूढपुर में कक्षा 6 से 9 वी के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा व 9 वी कक्षा का परिणाम 89% रहा ।इस अवसर पर प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया व विद्यार्थियों और



उनके अभिभावकों को बधाई दी तथा भविष्य में और अधिक मेहनत करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित भी किया ।उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा की व्यक्ति के जीवन में किसी प्रकार की कोई भी बाधा आ जाए परंतु उसे अपनी शिक्षा अवश्य प्राप्त करनी चाहिए। शिक्षा ही वह शास्त्र और शास्त्र है जिससे वह अपने भविष्य की बाधाओं को पार करता हुआ अपने जीवन का नवनिर्माण कर सकता है। इस अवसर पर अभिभावकगण ,गांव के गणमान्य व्यक्ति ,एसएमसी प्रधान श्रीमती सुमन देवी जी, सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

**नवनिर्माण**

8 वह अपने भविष्य की बाधाओं को पार करता हुआ अपने जीवन का नवनिर्माण कर सकता है

## एमडीएवी स्कूल में पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन कैंप का हुआ समापन

**मनीष कुमार**

**अम्बाला: मुरलीधर** डीएवी विद्यालय के प्रांगण मे आज इन्नर स्पार्कल पर्सनैलिटी ट्रांसफॉर्मेशन कैंप का समापन समारोह हुआ। यह कैंप 21 मार्च से 30 मार्च तक चला। इन दिनों के दौरान प्रातः ईश प्रार्थना, योग, नैतिक भाषण व नैतिक कहानियां छात्रों को सुनाई गई। व्यक्तित्व विकास के अंतर्गत रैंप वाक, ब्रेन टीजर गेम्स, बातचीत की कला का विकास कराया गया। आर्ट एंड क्राफ्ट मे आइसक्रीम की सीखो से वाल हैंगिंग, अंडो से गुड़िया बनाना व आर्गेनिक शीट से



तितलियाँ बनाना सिखाया गया। अबेकस और वैदिक मैथ्स मे छात्रों को अबेकस का प्रयोग करना और उनके माध्यम से जमा व घटा सिखाया गया। वैदिक मैथ्स मे छात्रों को बहुत अच्छे तरीके से कुछ ही सेकंड मे पहाड़े करना सिखाया गया। डांस कक्षा मे होली के पर्व पर छात्रों को पारम्परिक नृत्य कराया व बॉलीवुड गीतों पर छात्रों ने जमकर नृत्य किया।

## एसएम सिंघल बने भाविप की माधव शाखा के अध्यक्ष

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** स्थानीय होटल में भारत विकास परिषद की माधव शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विनय कोहली प्रबंध निदेशक हिन्दुस्तान सबमर्सिबल पंप उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरज भाटिया ने की। कार्यक्रम में डॉ.कृष्ण अरोड़ा मुख्य चुनाव सचेतक के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुरानी टीम ने नई टीम को दायित्व सौंपा तथा अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। माधव शाखा ने इस अवसर पर सेवा भारती की गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की।

## हरियाणा में सभी 10 सीटों पर जीतेगा इंडिया गठबंधन: विशाल

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** आम आदमी पार्टी के जिला कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष विशाल खुब्बड ने भाजपा सरकार की कार्यशैली की निंदा करते हुए कहा कि बीजेपी के इशारे पर ईडी ने कायरतापूर्ण कार्रवाई करते हुए एक सिटिंग सीएम को रात के अंधेरे में गिरफ्तार करके जेल में डाला। इस देश में अब लोकतंत्र नहीं बचा।हाईकोर्ट ने ईडी को नोटिस दिया था कि 22 अप्रैल तक अपना जवाब दाखिल करें, कि आखिर क्यों पूछताछ करना चाहते हैं? लेकिन कानूनी प्रक्रिया का पालन न करते हुए, वहां पर जवाब देने की बजाय 2 घंटे के अंदर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया। इससे स्पष्ट है कि भाजपा डरी



हुई है। 400 पार का नारा जरूर देती है, लेकिन इनको डर है कहीं 40 भी पार होगी या नहीं। इसलिए अरविंद केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने नहीं देना चाहते। देश तानाशाही की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। अरविंद केजरीवाल एक सोच है जो देश के करोड़ों लोगों में बसती है। लोग विरोध भी करेंगे और भाजपा के खिलाफ वोट देकर इनका सूपड़ा साफ करेंगे। ईडी के छापों से एक चवन्नी भी आज तक बरामद नहीं हो पाई। उसके बावजूद भी हमारे नेताओं को क्यों गिरफ्तार किया जा रहा है? लोग सवाल पूछ रहे हैं। इसका जवाब लोग अपने वोट के जरिए देंगे। अब सबके सामने स्पष्ट हो गया है कि घोटाले के अंदर कुछ नहीं है। यह राजनीतिक लड़ाई है।? जिसको भाजपा एजेंसियों के जरिए लड़ना चाहती है। कांग्रेस के सारे अकाउंट फ्रीज कर देना और अरविंद केजरीवाल को जेल में डाल देना बीजेपी का डर दिखा रहा है। लोकसभा चुनावों में बीजेपी जनता को सबक सिखाने का काम करेगी और 10 की 10 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत से विजयी होंगे। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विशाल कूबड़ ने कहा कि कुरुक्षेत्र लोकसभा के अंदर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता का चुनावी अभियान पूरे जोरो से चल रहा है। कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र की जनता सुशील गुप्ता को अपना आशीर्वाद दे रही है। उन्होंने कहा कि जनता को यदि मूलभूत सुविधाएं चाहिए तो इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुशील गुप्ता को भारी बहुमत से विजयी बनाकर भारत की सबसे बड़ी पंचायत में भेजने का काम करें।

## विद्यार्थियों का प्री नर्सरी से नौवीं-ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

### प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वचित्र विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया

**समालखा (कुलदीप सिंह)**

गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में विद्यार्थियों का प्री नर्सरी से नौवीं और ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसमें विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का स्वचित्र विद्यालय परिसर में प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और अभिभावकों में काफी उत्साह देखने को मिला। नर्सरी से नौवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा, हिंदी प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम,उपप्राचार्य रमेश वत्स व स्कूल प्रधानाचार्या अनीता धीमान ने



शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यार्थी अपने साल भर की मेहनत का प्रतिफल देखने के लिए बहुत उत्साहित दिखे।

विद्यालय में सुबह से ही छात्रों का तांता लगा रहा। अगली कक्षा में जाने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिख रही थी। छोटे-छोटे बच्चे ग्रेजुएशन सेरेमनी समारोह में बड़े ही खुश नजर आ रहे थे। चारों तरफ हंसी खुशी और उल्लास का वातावरण था। छोटे-छोटे बच्चे रंग बिरंगी पोशाक में बड़े ही आकर्षक लग रहे थे। वहीं नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के छात्र भी भविष्य के प्रति बड़े ही सकारात्मक नजर आ रहे थे। परीक्षा फल के साथ-साथ छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। पुरस्कार प्राप्त छात्र व प्रमाण पत्र प्राप्त छात्रों में भी बहुत उत्साह था। स्कूल प्रधानाचार्या अनीता धीमान ने सभी छात्रों को बधाई दी और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

स्कूल चेयरमैन राधेश्याम जांगड़ा ने इस अवसर पर कहा कि विद्यालय का परिणाम उत्साहवर्द्धक है। विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत और अधिक अंक प्राप्त कर यहां की शिक्षा व्यवस्था की सुदृढ़ता को प्रमाणित किया है। कहा कि मेधावी विद्यार्थियों ने न सिर्फ अपने माता-पिता को बल्कि विद्यालय को भी गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन का हमेशा यही प्रयास रहा है कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो। विद्वान शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सदैव उन्हें तराशने एवं विभिन्न प्रतियोगी क्षेत्र के लिए तैयार करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**उत्साहित**

8 विद्यार्थी अपने साल भर की मेहनत का प्रतिफल देखने के लिए बहुत उत्साहित दिखे

## मेंटरिंग एवं मॉनिटरिंग कार्यक्रम में छात्रों को विज्ञान विषय के प्रति किया जागरूक

### मनदीप कुमार ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान विषय के प्रति जागरूक किया

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** राजकीय उच्च विद्यालय कल्याणा कुरुक्षेत्र में मेंटरिंग एवं मॉनिटरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्याध्यापक ज्ञानचंद सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय साहा से असिस्टेंट प्रोफेसर मनदीप कुमार ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से विद्यार्थियों को विज्ञान विषय के प्रति जागरूक किया। मनदीप कुमार ने रसायन विज्ञान का दैनिक जीवन में उपयोग बताते हुए विभिन्न पर्यावरण संबंधी वैश्विक समस्याओं पर प्रकाश



डाला। पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा एवं भावी जीवन में इसकी महता को उजागर किया ।कार्यक्रम के अंत में मुख्याध्यापक ज्ञानचंद द्वारा धन्यवाद कथन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर हरीकबाल, अनिल खन्ना, संदीप, मोहित कुमार, श्रीमती गुरिंदर कौर, श्रीमती सपना व यादवेंद्र उपस्थित रहे।

# बिजेंद्र सिंह की एंट्री से हाईप्रोफाइल हुई मथुरा लोकसभा सीट

राजनीति

8 -भाजपा ने अभिनेत्री हेमा मालिनी, बसपा ने कमलकांत उपमन्यु को बनाया है प्रत्याशी



**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

कान्हा की नगरी में चुनावी माहौल यकायक गर्मा गया है। वहीं चुनावी चकल्लस में गर्माहट आ गई है। इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता जोश में हैं। राजनीति के अखाड़े में बॉलीवुड और खेल जगत के ग्लैमर के बीच टक्कर ने कान्हा की नगरी में चुनावी दंगल को रोचक बना दिया है। लोकसभा सीट मथुरा वीवीआईपी हो गई है और प्रदेशभर की नजरें अब इस सीट पर हैं। शनिवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने सबसे पहले सोशल मीडिया पर पार्टी के बडे नेताओं के साथ वार्ता का फोटो शेयर कर इस बात को जाहिर किया कि बॉक्सर बिजेन्द्र सिंह मथुरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी होंगे। इसके बाद बिजेन्द्र सिंह के मथुरा से चुनाव लडने की बात ट्रेड करने लगी। सायं तक पार्टी नेताओं की तरफ से यह साफ कर दिया गया कि बॉक्सर बिजेन्द्र सिंह ही मथुरा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी होंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे से हुई मुलाकात के बाद कांग्रेस जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा ने बताया कि बॉक्सर चौधरी विजेंद्र सिंह लोकसभा के लिए होंगे। विजेंद्र सिंह बेनीवाल जाट है। मथुरा लोकसभा क्षेत्र में बेनीवाल बड़ी संख्या में है। लम्बे इंतजार के बाद कांग्रेस ने अपने पत्ते खेल दिये हैं। वहीं एनडीए गठबंधन की ओर से भाजपा ने लगातार तीसरी बार बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी पर ही विश्वास जताया है। इंडिया गठबंधन में मथुरा लोकसभा सीट कांग्रेस के खाते में आई है। विजेंद्र सिंह ने पिछली बार दिल्ली से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। जाट बाहुल्य सीट पर कांग्रेस ने जाट कार्ड खेल कर इस चुनाव में कांग्रेस ने सभी को चौंका दिया है। यहां दो बार की सांसद हेमा मालिनी से बॉक्सर विजेंदर सिंह की सीधी टक्कर होगी। बसपा ने कमलकांत उपमन्यु को अपना प्रत्याशी बनाया है। मथुरा लोकसभा सीट पर दूसरे चरण यानी २६ अप्रैल को वोटिंग होगी। चुनाव के नतीजे चार जून को आ जाएंगे।

मथुरा लोकसभा सीट एक नजर में लोकसभा चुनाव २०१९ के मुकाबले इस बार २०७०९० अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। वहीं २६४८१ यंग मतदाता को अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने का मौका मिलेगा। लोकसभा चुनाव के लिए जनपद में कुल २१२८ पोलिंग स्टेशनों की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में इस बार कुल वोटर १९२६४११ हैं, जिसमें सीनियर सिटीजन १४९७३, यंग वोटर २६४८१, पीडब्ल्यूडी वोटर १४०५३, पुरुष वोटर १०३०६०८, महिला वोटर ८९५७३८ तथा थर्ड जेंडर वोटर ६५ है। वर्ष २०१९ में हुए लोकसभा चुनाव के लिए जनपद मथुरा में कुल ११०४ मतदान केन्द्र बनाये गये थे। २०१४ मतदेय स्थल थे।

१७१९३२१ मतदाता थे, इनमें ९७५८४३ पुरुष तथा ८२३२७६ महिला मतदाता तथा २०२ अन्य मतदाता थे।

# मथुरा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष को रखा नजरबंद

हिरासत

8 -स्थानीय प्रशासन के द्वारा जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा को घर में ही हिरासत में ले लिया गया



**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आज जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस के खाते आयकर विभाग के द्वारा चुनाव से ठीक पहले सीज किए जाने के विरोध में प्रदर्शन का ऐलान किया गया था। आयकर विभाग के द्वारा कांग्रेस पार्टी पर की जा रही कार्यवाहियों के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाना था। जिसकी भनक स्थानीय प्रशासन को लग गई और स्थानीय प्रशासन के द्वारा जिला अध्यक्ष चौधरी भगवान सिंह वर्मा को घर में ही हिरासत में ले लिया गया और नजर बंद कर दिया गया। जब इस बात की सूचना कार्यकताओं को लगी तो किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ठाकुर नरेश पाल सिंह जैसावत, जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार शर्मा, बंटी सिद्दकी, राजेश सैनी, मुकेश सिसोदिया, दीपक शर्मा व अन्य कार्यकारिणी के सदस्य व कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के आवास पर पहुंचे। उन्हें भी जिला अध्यक्ष के साथ उनके आवास पर बैठा लिया गया तथा २:३० बजे जिला अध्यक्ष व अन्य कार्यकताओं को रिहा गया। भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि यदि कोई सरकार की नीतियों का विरोध करता है ता विरोध को कुचलने का कार्य तानाशाही रवैया से भाजपा सरकार के द्वारा किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मथुरा में हैं ८५ वर्ष से अधिक आयु के ३१ हजार मतदाता

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

आगामी लोकसभा चुनाव में जिले के ८५ वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को अब वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर नहीं जाना पड़ेगा। अगर वे चाहेंगे तो घर बैठे ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से वोट डाल सकेंगे। जिले में ऐसे करीब ३१ हजार बुजुर्ग मतदाता हैं। भारत निर्वाचन आयोग के नए निर्देश हैं कि प्रदेश के सभी ८५ वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसी क्रम में मथुरा प्रशासन ने जिले के सभी ८५ वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने की सुविधा मुहैया कराने पर काम शुरू कर दिया है। इसके लिए निर्धारित फार्म-१२ डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते हैं। फार्म-१२ डी अधिसूचना जारी होने के ५ दिनों के अन्दर संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर ८५ वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जाएगा तथा भरा हुआ फार्म-१२ डी प्राप्त किया जाएगा। फार्म-१२ डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में जमा कराया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की यह व्यवस्था पूरी तरह से स्वैच्छिक है। यदि ८५ वर्ष से ऊपर का कोई बुजुर्ग चाहे तो घर से और चाहे तो मतदान केंद्र पर जाकर वोट डाल सकता है। घर से वोट डालने के सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। इस बारे में संबंधित बीएलओ से मदद ली जा सकती है।

### वित्तीय वर्ष के आखिरी घंटों में राजस्व वसूली के लिए लगा दिया पूरा जोर

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

३१ मार्च यानी रविवार इस वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन है। शनिवार को दिनभर सरकारी विभागों में जोरशोर से काम जारी रहा। राजस्व वसूली के लिए सरकारी विभागों ने पूरी ताकत लगा दी। नगर निगम और विद्युत विभाग के कार्यालयों पर बकाया जमा करने वालों की कतारें लगी रहीं। नगर निगम को वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले ४० करोड़ का लक्ष्य मिला था। निगम के अधिकारियों का कहना है कि इस आंकड़े को लगभग पूरा कर लिया गया है। वसूली लक्ष्य से भी ऊपर जा सकती है। इस बार नगर निगम ने बडे और पुराने बकायेदारों से वसूली के लिए खास प्लान तैयार किया था जिससे यह लक्ष्य हासिल करने में मदद मिली। वहीं विद्युत विभाग आखिरी घंटों में लगातार बकायेदारों के कनेक्शन काटने के अभियान में जुटा हुआ है। शहर में ही पांच हजार बकायेदारों के कनेक्शन काटने का लक्ष्य तय किया गया है। शनिवार को दिन भर विभाग की टीमें दौडती रहीं। देहात में भी बडे पैमाने यह वसूली अभियान चलाया जा रहा है। तहसीलों में राजस्व विभाग कई मामलों में शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य हासिल कर चुका है। जिन विभागों से आरसी जारी हुई थीं ऐसे बकायेदारों से वसूली पूरी की गई है। रविवार को छुट्टी के दिन भी अभियान जारी रहेगा।

### हिसार मंडल आयुक्त ने खेतों में जाकर जांचा गिरदावरी का डाटा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने शनिवार को गांव खेडी के खेतों में पहुंच कर वहां पर रबी फसल-2024 की गिरदावरी के मिसमैच डाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, कोई भी फसल मिसमैच न हो। उन्होंने मिसमैच गिरदावरी की गहनता से जांच पड़ताल की।आयुक्त ने गांव खेडी का कुल रकबा सरसों बिजाई का कुल रकबा तथा गेहूं व अन्य फसलों की गिरदावरी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कुल सरसों का एरिया कितना है, मिसमेच कितना एरिया है। इस अवसर पर एसडीएम राजेंद्र कुमार, तहसीलदार शुभम सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## पूसीरे ने तीन और ट्रेन सेवाओं की अवधि बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेनों की सेवाओं को जून तक कुल 78 ट्रिपों के लिए जारी रखने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेन सेवाएं मौजूदा दिनों, समय और ठहराव के साथ चलेगी।पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया है कि ट्रेन संख्या 02502 (अगरतला- कोलकाता) स्पेशल अब 3 अप्रैल से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को 13 ट्रिपों के लिए चलेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 02501 (कोलकाता- अगरतला) स्पेशल अब 7 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार को 13 ट्रिपों के लिए चलेगी।

# दिव्यांग मतदाताओं की जागरूकता के लिए कार्यक्रम किया गया आयोजित

विशेष संदेश

8 दिव्यांग आइकन लालचंद विशेष संदेश में कहा कि सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जाए।



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

कल्याण करोति संस्थान मथुरा में दिव्यांग मतदाताओं की जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग आइकन लालचंद ने भी एक विशेष संदेश दिया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने जाए। मैं भी जाउंगा। उनके स्पेशल शिक्षक जयवीर सिंह ने दिव्यांग आइकन के संदेश के भाव को अधिक स्पष्ट कर सभी तक पहुंचाया। कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं को मतदान की महत्वता बताते हुए जिला मास्टर ट्रेनर मनीष दयाल ने कहा कि दिव्यांगों का समाज में एक विशेष स्थान है और यह वर्ग समाज में अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे, ऐसी हमारी उम्मीद ही नहीं बल्कि विश्वास है। एसएलएमटी डा दीनदयाल ने कहा कि २६ अप्रैल की तारीख याद रखनी है। आप सब विशेषज्ञ हैं, आपको लोकतंत्र में सक्रिय रूप से भूमिका निभानी है। संस्थान प्रधानाचार्य आरपी प्रजापति ने कहा हम आशा करते हैं कि दिव्यांग जनों की तरफ से बहुत अधिक संख्या में मतदान किया जाएगा। वरिष्ठ प्रवक्ता अभिराम कुशवाह ने कहा कि हर एक वोट महत्वपूर्ण है। आगामी लोकसभा निर्वाचन में सभी को मतदान करने जाना है। इस अवसर पर जगवीर सिंह, रिंकू, दिव्यांगजन,संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र और कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

# गांवों में अर्धसैनिक बल के साथ किया फ्लैग मार्च



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

लोकसभा चुनावों के लिए मथुरा लोकसभा सीट पर अधिसूचना जारी हो चुकी है। नामांकन प्रक्रिया चल रही है और २६ अप्रैल मतदान की तिथि सुनिश्चित है। माहौल खराब करने की मांशा पाले लोगों में खौफ और मतदाताओं मे विश्वास जगाने के लिए स्थानीय पुलिस अधिकारी अर्ध सैनिक बलों के साथ लगातार फ्लैग मार्च कर रहे हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सतर्कता बरती जा रही है। वहीं पुलिस ने ऐसे लोगों को पाबंद किया है जिनसे चुनाव प्रक्रिया में व्यवधान की आशंका है। प्रभारी निरीक्षक थाना मांटज् द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य के दृष्टिगत थाना मांट क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डंगोली, ग्राम जहांगीरपुर, ग्राम बेगमपुर व ग्राम जेसवा में पुलिस बल एवं अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## सोनीपत में सेवानिवृत्त हुए चार पुलिस कर्मी, दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सोनीपत में शनिवार को चार पुलिस कर्मियों को सेवानिवृत होने पर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में वेस्ट जोन के सहायक पुलिस आयुक्त नरसिंह व अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने सेवानिवृत होने वाले एक निरीक्षक, एक उप-निरीक्षक व दो हवलदार कर्मचारियों को उनकी लम्बी सेवाओं के उपरांत भावभीनी विदाई दी।

कल्याण शाखा में तैनात निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस विभाग के इंस्पेक्टर शमशेर सिहं, सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार, हवलदार सुंदरलाल व ओमसिंह अपनी लम्बी सेवाएं देकर शनिवार को सेवानिवृत हुये हैं।

# मंडियों में भारी मात्रा में पहुंची सरसों, उठान धीमा

**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

जिला की अनाज मंडियों में दो दिनों से सरसों की सरकारी खरीद चल रही है। बहादुरगढ़ मंडी में खरीद हैफेड द्वारा की जा रही है। यहां दो दिनों में 611.55 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। हालांकि अभी उठान कार्य धीमा ही है। सरसों की खरीदी गई फसल कट्टों में भरकर अनाज मंडी के फड़ पर रखी गई है। रविवार को उठान कार्य किया जाएगा।

रविवार को भी भारी संख्या में किसानों के सरसों लेकर पहुंचने की संभावना है।

खरीद शुरू होने के बाद शनिवार को सोलधा, बामनोली, बराही, ईस्सरहेड़ी के अलावा बादली क्षेत्र के कई गांवों से किसान अपनी सरसों की फसल बेचने के लिए मंडी में पहुंचे। सरसों की खरीद शुरू होने पर किसानों के चेहरों पर खुशी देखी गई। कई दिनों से सरकारी खरीद न होने के कारण किसान औने-पौने दामों में अपनी फसल को प्राइवेट आढ़तियों को बेचकर वापस लौट रहे थे। वहीं एक अप्रैल से अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद भी शुरू हो जाएगी। ईस्सरहेड़ी के किसान सत्यवान, रणधीर, जयभगवान, बामनोली के किसान जयपाल, सुमेर सिंह और सोलधा के किसान कृष्ण ने बताया कि 26 मार्च से पराज्य सरकार ने सरसों की सरकारी खरीद का ऐलान किया था, लेकिन चार दिनों बाद सरकारी खरीद शुरू हुई।

भीड़

8 धर्म नगरी वृंदावन में गर्मी और छुट्टियों के आते ही श्रद्धालुओं की भीड़ एक बार फिर बढ़ रही है।

कई दिनों तक क्षेत्र के काफी संख्या में किसानों ने प्राइवेट आढ़तियों को अपनी फसल बेची। इससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ है, क्योंकि सरकार की ओर सरसों का एमएसपी 5650 रुपये तय किया गया है। जबकि प्राइवेट आढ़ती किसानों की फसल को केवल 4600 से 4850 रुपये के बीच खरीद रहे थे। अब सरकारी खरीद शुरू हुई तो किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों का कहना है कि अब उन्हें 800 से एक हजार रुपये तक ज्यादा मिलेंगे।

बता दें कि शुक्रवार को जहां केवल चार किसानों को मार्केट कमेटी की ओर से गेट पास दिए गए थे।

वहीं शनिवार को 39 किसानों को गेट पास मिले। दिनभर सरसों की फसल खरीदी गई। मार्केट कमेटी बहादुरगढ़ की सचिव अंजू दलाल ने बताया कि अनाज मंडी में हैफेड एजेंसी द्वारा सरसों की सरकारी खरीद शुरू कर दी गई है।

शनिवार को 611.55 क्विंटल सरसों की फसल खरीदी गई। उठान रविवार से शुरू हो जाएगा। एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद भी की जाएगी।

# छुट्टियों के दिनों में व्यस्त हो जाता है वृंदावन

भीड़

8 धर्म नगरी वृंदावन में गर्मी और छुट्टियों के आते ही श्रद्धालुओं की भीड़ एक बार फिर बढ़ रही है।



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

धर्म नगरी वृंदावन में गर्मी और छुट्टियों के आते ही श्रद्धालुओं की भीड़ एक बार फिर बढ़ रही है। गुड फ्राइडे और दो दिन के वीकेंड के चलते धर्म नगरी वृंदावन में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जिसमें बांके बिहारी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वृंदावन में शनिवार सुबह से ही बांकेबिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की पांच सौ मीटर लंबी कतार लग गई।बांकेबिहारी मार्ग पर जबर्दस्त भीड़ के दबाव के बीच मिनटों का रास्ता घटों में तय किया। धक्के खाते हुए श्रद्धालुओं ने जन जन के अपने आराध्य ठाकुर बांकेबिहारी लाल के दर्शन किए। शुक्रवार, शनिवार और रविवार का अवकाश होने पर बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। पट खुलने से करीब डेढ़ घंटे पहले से ही मंदिर की गलियां, बांकेबिहारी बाजार श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। बांकेबिहारी बाजार से लेकर मंदिर के द्वार तक पांव रखने की जगह नहीं रही। अपने निर्धारित समय से १५ मिनट पहले साढ़े सात बजे जैसे ही बांकेबिहारी के मंदिर के पट खुले, वैसे ही श्रद्धालुओं के रैला ने मंदिर में प्रवेश किया। वही आपको बता दें कि श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के दबाव में शासन प्रशासन की सारी व्यवस्थाएं भी ध्वस्त हो गई।

वही बांके बिहारी मंदिर मार्केट के व्यापारी द्वारकेश अग्रवाल ने बताया कि जब श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक संख्या में होती है, तो अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान बंद कर देते हैं, क्योंकि ठाकुर जी की पोशाक श्रृंगार की दुकानों पर श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते नुकसान हो जाता है और व्यापारियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# होली मिलन समारोह में ५१ बुद्धिजीवी किए गए सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

सर्वोदय ब्राह्मण विकास संस्थान एवं ब्रह्म भारतीय पत्रिका द्वारा संयुक्त रूप से चित्रकूट मसानी पर होली मिलन समारोह रामनरेश गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ सर्वप्रथम भगवान परशुराम महामना मदन मोहन मालवीय महंत परमेश्वर दास आचार्य के चित्रपट पर डॉक्टर देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष बाल आयोग समाजसेवी भाजपा नेता एसके शर्मा संस्थान अध्यक्ष पंडित सोहनलाल शर्मा स्वागत अध्यक्ष पप्पू गौतम घनश्याम हरियाणा सचिव नारायण प्रसाद शर्मा महंत रमाकांत द्वारा संयुक्त रूप से माल्यार्पण किया गया शशांक पाठक एवं उनके सहयोगी जनों द्वारा स्वस्तिवाचन गणेश वंदना का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया गया इस अवसर पर ललित स्वामी पार्टी द्वारा श्री राधा कृष्ण के स्वरूपों द्वारा बृज वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर समाज के ५१ संभ्रांत नागरिकों को सम्मानित किया गया। राधा कृष्ण फूलों की होली के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ इस अवसर पर सब लोग आपस में गले मिले अपना अपना परिचय दिया गया ब्राह्मण एकता पर बल दिया गया। होली मिलन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पंकज शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, सुभाष तिवारी, संजय हरियाणा, नंदकिशोर उपमन्यु, डॉ. जमुना शर्मा, श्याम शर्मा, मालती भार्गव, योगेश आवा, दिनेश मैथिल, इंजीनियर जयप्रकाश मैथिल, दिवाकर आचार्य आदि प्रमुख रूप से उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी कलाकार रश्मि शर्मा एवं पुंडरीकाक्ष शर्मा द्वारा किया गया।

# शहीदों ने देखा था साम्प्रदायिक तानाशाही मुक्त भारत का सपना



**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**

अखिल भारतीय समता फाउंडेशन जनपद मथुरा द्वारा शहीद ए आजम भगत सिंह और राजगुरु सुखदेव के ९४ वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कृष्णा नगर कैंप कार्यालय बिजली घर मथुरा पर किया गया। सर्वप्रथम समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने शहीदों के चित्र पर पुष्पअर्पित किये। साथ ही शहीदे आजम भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के सपनों का भारत बनाने एवं उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में अध्यक्ष लुकेश कुमार रही ने कहा कि शहीदों ने अपनी जान न्योछावर कर दी, वे भारत को धार्मिक सांप्रदायिक कट्टरता मुक्त मानवतावादी समता वादी भारत बनाना चाहते थे। श्रद्धांजलि सभा में रमेश सैनी, नमन, चित्रसेन मौर्य, कन्हैयालाल, नरेश कुमार, जितेंद्र कुमार, आकाश बाबू, सौदान सिंह, राजू आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### लोकसभा आम चुनाव के दौरान संतुलित व निष्पक्ष रिपोर्टिंग करें मीडियाकर्मी: डॉ० मनोज कुमार

**सोनीपत:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के दौरान प्रिंट मीडिया को भारतीय प्रेस परिषद और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को समाचार प्रसारण मानक प्राधिकरण द्वारा तय नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार ही समाचार और विज्ञापन को प्रकाशित एवं प्रसारण करने चाहिए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के दौरान मीडिया को सांप्रदायिक, गैर-कानूनी, जाति और राष्ट्र विरोधी समाचारों के प्रसारण से बचना चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टियों द्वारा विज्ञापन सामग्री प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में छपवाने या प्रसारण के लिए दी जाएगी तो मीडिया संस्थान को यह चैक करना अनिवार्य होगा कि उसे एमसीएमसी द्वारा सर्टिफिकेट जारी किया गया हो। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान मीडियाकर्मियों द्वारा संतुलित और निष्पक्ष रिपोर्टिंग की जानी चाहिए ताकि नागरिकों तक सही और सच्ची खबर पहुंचे, जिससे वे किसी प्रकार के बहकावे में न आएं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं का विश्वास बढ़ाने के लिए लोकसभा आम चुनाव के दौरान इस बार भी वीवीपैट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### समालखा गोल्डन पार्क योग समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
समालखा गोल्डन पार्क योग समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नगर पालिका के अध्यक्ष अशोक कुमार कुच्छल को सर्वसम्मति से गोल्डन पार्क का संरक्षक चुना गया इस अवसर पर प्रधान संदीप कुमार और उप प्रधान राकेश सैनी ने पगड़ी और माला पहनकर उनका सम्मान किया।

### बेटी कृष्णा देवी तारों देवी ने नेत्रदान करवाया

**समालखा (कुलदीप सिंह)**
संतोषी माता मंदिर के नजदीक समालखा निवासी 93 वर्षीय प्यारी बाई दिगानी का वृद्धा अवस्था के कारण निधन हो गया उनके निधन के उपरांत उनके बेटे गोविंद राम बेटी कृष्णा देवी तारों देवी ने नेत्रदान करवाया इसके लिए दीपक चोपड़ा के प्रयास से जनसेवा दल के चमन लाल गुलाटी के साथ माधव नेत्र बैंक के डॉक्टर चंद्र मोहन चावला ने नेत्रदान का कार्य पूर्ण करवाया।

### देश के दिल में बसी धुन, नमक हो तो टाटा का, टाटा नमक




**फिरोजाबाद ।** भारत के आयोडीन युक्त नमक के अग्रणी ब्रांड, टाटा साल्ट ने अपनी मशहूर जिंगल, 'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' के साथ एक अनूठा अभियान शुरू किया है । विभिन्न मीडिया प्लेटफार्म पर शुरू किया, यह अभियान 'देश का नमक' के रूप में ब्रांड की सर्वव्यापकता का प्रदर्शन करता है, और नये और युवा भारत की नब्ज पर भी हाथ रखता है। 'नमक हो टाटा का, टाटा नमक' जिंगल का नया रूप उपभोक्ताओं को आश्चर्यचकित और खुश करेगा; यह देश भर में हर घर में अपनी स्थायी उपस्थिति को नए परिप्रेक्ष्य में पेश करता है। इस नए विज्ञापन अभियान की परिकल्पना ओगिल्वी ने तैयार की है, जिसमें उपभोक्ता के दैनिक जीवन से जुड़े क्षणों में जिंगल की उपस्थिति को प्रदर्शित करने वाली 11 मनोरंजक लेकिन सटीक फिल्में है, जो इसे सर्वव्यापी 'देश का नमक' बनाती है। दीपिका भान, अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स – इंडिया, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने इस अभियान पर अपनी टिप्पणी में कहा, टाटा साल्ट भारत के सबसे भरोसेमंद और जिम्मेदार ब्रांडों में से एक है। समय के साथ 'देश का नमक' की अपील, उपभोक्ताओं के साथ और मजबूत हुई है।

# भाजपा ने गरीब का बेटा सीएम बनाया: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने हांसी की अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में बाप-बेटे ही मुख्यमंत्री बनते हैं और भाजपा में साधारण कार्यकर्ता को सीएम बनाया जाता है। नायब सैनी ने कहा कि हमारे केंद्रीय नेतृत्व ने मुझ जैसे एक गरीब परिवार के बेटे को पहले पार्टी का प्रदेशाध्यक्ष और उसके बाद सीएम बनाया। शनिवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी हिसार से लोकसभा से भाजपा के प्रत्याशी व पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला के प्रचार के लिए हांसी अनाज मंडी में पहुंचे थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी की हांसी में पहली रैली थी। इस दौरान हिसार से



लोकसभा के उम्मीदवार रणजीत सिंह भी मंच पर मौजूद थे। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री बनवारी लाल, राज्यसभा सदस्य डीपी वत्स, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला,हांसी विधायक विनोद भयाना ने भी संबोधित किया मुख्यमंत्री ने कहा कि वह राहुल गांधी को बताना चाहते हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया है। हमनें धारा 370 को खत्म करने का काम किया। राम मंदिर के नाम को लेकर कांग्रेस राजनीति करती थी। हमसे कहते थे मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। नरेंद्र मोदी की सरकार में आज वहीं पर राम मंदिर बना है। नायब सैनी ने आप पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस से भी बड़े घोटाले आम आदमी पार्टी ने किए। इनके घोटालों के कारण आज इनके नेता जेल में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की आवाज को प्राथमिकता के आधार पर लागू करेंगे। मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम मनोहर लाल की तारीफ करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए पूरे प्रदेश में समान विकास किया है। सभी को बिना खर्ची-पर्ची नौकरी मिली है। मनोहर ने हर वर्ग के लिए नीतियां बनाई हैं। उन नीतियों को दुरुस्त कर लागू करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**कांग्रेस के लोग चुनाव लड़ने से डर रहे**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के नेता चुनाव लड़ने से डर रहे हैं। कांग्रेस की तरफ से लोगों को गारंटी देने के नाम पर गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस की गारंटी पर लोगों को विश्वास नहीं है। देश को केवल मोदी की गारंटी पर भरोसा है। इंफ्रास्ट्रक्चर को भाजपा ने मजबूत किया। हरियाणा के सीएम ने कहा कि कांग्रेस को देश की चिंता नहीं है, बल्कि वोट की चिंता है। श्री सैनी ने कहा कि हमारे लिए देश प्रथम है। नरेंद्र मोदी ने कभी वोट के लिए काम नहीं किया। किसानों को सम्मान निधि के जरिए खाते में 6000 रुपये सालाना देने का काम किया। नई योजना बनाकर उन्हें धरातल पर उतारने का काम करेंगे। देश कांग्रेस के चरित्र और कार्यप्रणाली को भूला नहीं है। कांग्रेस शासन में बातें अधिक, काम कम होता था। अब बातें कम और काम अधिक होता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने दस साल में लोगों को सुविधा देने का काम किया है।

## मुख्य सचिव ने मंडल आयुक्त व निर्वाचन अधिकारियों के साथ की रिव्यू बैठक



**पानीपत: हरियाणा सरकार** के मुख्य सचिव टीवीएस एन प्रसाद ने शनिवार को लोकसभा आम चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी मंडल आयुक्तो, जिला निर्वाचन अधिकारियो, एवं उपायुक्तो के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग करते हुए लोकसभा के आम चुनाव को लेकर सभी तैयारियां के संबंध में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ईमानदारी, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी ने आयोग के दिशा निर्देशों की पूर्णत रूप से पालना करनी है। मुख्य सचिव ने अवैध रूप से शराब के चलन पर फोकस करने के भी सभी को निर्देश दिए। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने मुख्य सचिव टीवीएस एन प्रसाद को आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। तैयारियो के संबंध में रिपोर्ट भी मुख्यालय भेजी जा चुकी है।

## महिलाओं को इसांफ दिलाने के लिए श्रीजी वूमेन पावर ग्रुप का हुआ गठन

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: शहर में महिलाओं** पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए वह उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए अब शहर की महिलाओं ने मिलकर बीड़ा उठाया है और एक नए ग्रुप की शुरूआत की है। शुक्रवार को शहर की महिलाएं गौशाला पहुंची औरत गऊ माता को



चारा खिलाकर श्रीजी वूमन पावर ग्रुप की शुरूआत की। श्रीजी वूमेन पावर ग्रुप की प्रधान मंजू सैनी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार के मामले बढ़ते जा रहे हैं कई बार महिलाओं को इंसाफ नहीं मिल पाता महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए वह इंसाफ दिलाने के लिए एक नए ग्रुप की शुरूआत की गई है अभी इस ग्रुप में केवल 10 से 15 महिलाएं शामिल है लेकिन जल्द ही इस ग्रुप का कारवां बढ़ता नजर आएगा। ग्रुप की महिलाओं द्वारा पहले भी सामाजिक वैधानिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं और इस बार महिलाओं को इंसाफ दिलाने के लिए महिला ही आ गया कर हक की लड़ाई लड़ेंगी।इस ग्रुप मे मंजू सैनी ,उर्वशी गोयल, नीरज' सिंगला ,दीपा गिल ,शीला, सुनीता राजपाल ,सुनीता ,डॉक्टर मंजू ,रश्मि ,मीनाक्षी,पूनम,ममता ,धनपति ,उर्वशी गोयल नीरज सिंगला,गोल्डी, कुसुम शर्मा,नीलम, और भी महिलाएं शामिल है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरुद्ध रामलीला ग्राउंड में आज महारैली

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: आम आदमी पार्टी** लीगल सेल जिला अध्यक्ष जगदीप घनघस एवं प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने आज एडवोकेट चैंबर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल की गैर कानूनी गिरफ्तारी एवं सरकारी संस्थाओं का गलत उपयोग मुख्य मुद्रा रहा। एडवोकेट जगदीप घनघस ने केंद्र सरकार को आडे हाथों लेते हुए कहा के इनको इस बार 40 सीट का कॉन्फिडेंस नहीं है पर बात 400 सेट की कर रहे हैं इसीलिए विपक्ष के सीनियर नेताओं को एवं उनके बैंक अकाउंट को बंद कर रहे हैं।



**दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का पूरजोर विरोध करते हुए। उन्होंने कहा**

पिछले 70 सालों में इस प्रकार की गलत नीयत से कार्रवाई आज तक नहीं की गई है,परंतु इसबार सरकार ने सभी सीमाएं लांघ दिए है। उन्होंने केंद्र सरकार को चेताया अपनी तानाशाही नीति को बंद करें एवं जनता के प्रति नरम रूख अपना कर जनता के हक में उनके काम करें। अगर जनता आपके काम से खुश होगी तो आपको 400 सीट पर करवा देगी। साथ में एक अखबार की हैडलाइन को दिखाते हुए घनघस ने कहा जेपी के दुष्यंत चौटाला अभी भी सरकार की समिति में सदस्य बने हुए हैं मुझे लगता है बीजेपी और जेजेपी का गठबंधन अंदर खाते अभी भी चल रहा है।बी टीम है जे जे पी बीजेपी की। जनता ध्यान से वोट करें। प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कल होने वाली महा रैली जो की इंडिया गठबंधन ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में करने जा रही है उसके लिए सभी जनता को रामलीला ग्राउंड पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि तानाशाही की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए एवं जनता के लिए जनता की सरकार लाने के लिए इस महा रैली को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कामयाब बनाएं। मलिक ने कहा एक मौजूदा मुख्यमंत्री जबरदस्ती फेक केस में गिरफ्तार करना गैरकानूनी है उन्होंने चिंता जताई कि अगर इसी प्रकार से सभी विपक्ष के सीनियर नेताओं को गिरफ्तार करते रहे तो जनता की हक की बात कौन उठेगा! इस मौके पर प्रदेश सह सचिव राजकुमार मुंडे जिला महासचिव देवन सलूजा जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया मुकेश शर्मा संदीप मनचंदा मौजूद रहे।

## 'लोकसभा आम चुनाव के दौरान अवैध रूप से नहीं होने दी जाएगी शराब की बिक्री'

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ० मनोज कुमार ने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री नहीं होने दी जाएगी, जिसके लिए शराब की बिक्री पर जिला प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। इस दौरान अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ पुलिस विभाग की ओर से सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर पुलिस प्रशासन की ओर से कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। पुलिस प्रशासन सहित आबकारी विभाग द्वारा




शराब के वैध वैंडर व उनके स्टॉक आदि की निरंतर चेकिंग की जाए। अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए। आबकारी विभाग के अधिकारियों को अगर चेकिंग जैसे कार्यों में पुलिस विभाग की आवश्यकता है, तो पुलिस विभाग द्वारा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शनिवार को वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जिस भी अधिकारी की जो भी ड्यूटी लगाई गई है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पूरा करें। इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीसी के उपरांत उपायुक्त ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने से संबंधित सभी मतदान केन्द्रों का मौका मुआयना करें, अगर किसी मतदान केन्द्र को और कहीं शिफ्ट करवाना है तो उसकी रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करें ताकि समय पर उस मतदान केन्द्र को शिफ्ट किया जा सके। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने प्राप्त दिशा-निर्देशों की पूर्ण अनुपालना का भरोसा दिया। साथ ही उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों में बिजली, पानी, शौलाचय व अन्य सभी सुविधाएं उपलब्ध है या नहीं। जिस भी मतदान केन्द्र पर जिस भी चीज की कमी है तो उसे तुरंत पूरा करवाएं। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि अगर उनके संज्ञान में भी किसी प्रकार की अवैध शराब की बिक्री या नकली शराब बनाने वालों की सूचना मिलती है तो इसी सूचना तुरन्त पुलिस को दे ताकि समय रहते उचित कार्यवाही की जा सके।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



**कमाल हुसैन**
**पानीपत , एंटी व्हीकल** थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक स्पलेंडर बाइक पर सवार होकर सेक्टर 29 में फ्लौरा चौक के पास घूम रहा है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। टीम ने मौके पर दबिश देकर युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान संजय उर्फ कालु पुत्र रमेश निवासी देवडू सोनीपत रूप में बताई। पुलिस टीम ने युवक को बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो युवक बहाने बाजी करने लगा। पुलिस टीम द्वारा गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त बाइक 18 मार्च को बाबरपुर में एक कंपनी के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की उक्त वारदात बारे थाना सेक्टर 13/17 में विनय पुत्र मोहनलाल निवासी सनियाना फतेहाबाद की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसको बाइक चलाने का शौक है। उसके पास खुद की बाइक नही थी। शौक पूरा करने के लिए आरोपी ने उक्त बाइक चोरी की।

## महिलाओं को चिरंजीवी भवः कार्ड वितरित किए

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: जिला परिषद** के उप प्रधान एवं आर्य समाज हुडा के प्रधान आर्य सुरेश मलिक द्वारा अपने अभियान हर हर कांग्रेस घर घर कांग्रेस के अंतर्गत हल्का पानीपत ग्रामीण के न्यू दलबीर नगर कुटानी रोड की महिलाओं को चिरंजीवी भवः कार्ड वितरित किए गए। जो लोगों को स्वास्थ्य क्षेत्र में आ रही मुश्किलों से बड़ी राहत देगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कालोनी वासियों ने भाग लिया। आर्य सुरेश मलिक ने कालोनी वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए जहां वह पात्र जनता के चिरंजीवी भवः



कार्ड बनवाने का काम कर रहे हैं वहीं जगह-जगह फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का भी आयोजन किया जा रहा। जिसके माध्यम से गरीबों की जांच कर उन्हें फी दवाई उपलब्ध कराई जा रही है। आज के कैंप का लाभ सैकड़ों कालोनी वासियों ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जय सिंह प्रजापत, आत्माराम, महावीर सैनी, सोनू वाल्मीकि, रामभज कश्यप, दीपांशु कश्यप, रोहित कटारिया, देवी सिंह सहगल, नरेश धनखड़, सचिन सहगल, महावीर सभ्रंवाल आदि का सहयोग रहा।

## नशा तस्कर 6 ग्राम 20 मिलीग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**
**पानीपत: सीआईए टू** प्रभारी सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि उनकी टीम शुक्रवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान मित्तल मेगा मॉल के पास मौजूद थी। टीम को तभी गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक एमजेआर चौक की और से पैदल मित्तल मेगा मॉल की तरफ आएगा। युवक के पास मादक पदार्थ होने की संभावना है। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने मॉल के पास सड़क पर नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी।



कुछ देर पश्चात पुलिस टीम को एक युवक एमजेआर चौक की और से पैदल आते हुए दिखाई दिया। युवक पास आने पर सामने खड़ी पुलिस टीम को देखकर एकदम से वापिस मुड़कर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिस टीम ने कुछ कदमों पर ही युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान रोहित पुत्र पपू निवासी मोतीराम कॉलोनी के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट सतपाल सिंह की मौजूदगी में युवक की तलाशी की तो पहनी हुई लोअर की जेब से स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक का वजन करने पर 6 ग्राम 20 मिली ग्राम पाया गया। सब इंस्पेक्टर सौरभ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए उक्त स्मैक यूपी के पीलीभीत से एक युवक से कम किमत पर खरीदकर लाया था। आरोपी के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर पुलिस ने शनिवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी ने नशा तस्कर के ठीकानों का पता लगा काबू करने का प्रयास करेंगी।

## परीक्षा परिणाम में अव्वल आने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/बाबैन: राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बाबैन में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया विद्यालय की ओर से इसके लिए व्यापक तैयारी की गई थी. जिससे विद्यार्थी और अभिवावक सीधे संबंधित शिक्षक के पास जाकर अपना परिणाम पता कर सकें। प्रथम तीन स्थान पर रहने वाले विद्यार्थियों के लिए और पिचहत्तर प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. ऐसे बच्चो की सेल्फी प्वाइंट पर फोटो कराई गई और मिठाई खिलाकर उन्हें



विद्यालय की ओर से आशीर्वाद दिए गए। सभी बच्चों को विस्तृत अंक तालिका प्रदान की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने बताया कि आगामी सत्र के लिए एक विस्तृत कार्य योजना इस बार विद्यालय ने तैयार की है जिसमे पाठ्यक्रम से लेकर खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों तक की वार्षिक योजना तैयार कर ली गई है. नवीनतम विधियों के साथ अद्यतन संसाधनों का प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों को शिक्षा

**सम्मान**

**8 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया**

देने का लक्ष्य रखा गया है. शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली हर गतिविधि में इस बार बढ़ चढ़ कर भाग लिया जायेगा और अधिकतम उपलब्धि हासिल की जाएगी। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार व एस एम सी इंचार्ज ओम प्रकाश ने परीक्षा इंचार्ज संदीप सांगवान व विक्रान्त लालर की शानदार भूमिका के लिए उन्हें बधाई दी ।
परीक्षा परिणाम में कक्षा ग्यारहवीं मेडिकल में शुभम प्रथम, मधु द्वितीय और मुस्कान व रूबल तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं नॉन मेडिकल में मन्नत पहले, निशांत दूसरे और जैनिश तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं कॉमर्स में हर्ष प्रथम स्थान पर, खुशी दूसरे और जान्हवी तीसरे स्थान पर रही. ग्यारहवीं कला संकाय में प्राची प्रथम, नतीशा द्वितीय, अंशिका तीसरे स्थान पर रही।नौवी कक्षा में वाणी प्रथम, रोहित द्वितीय और महक तीसरे स्थान पर आए।

## पीएम श्री राजकीय स्कूल पावटी में मनाया प्रवेश उत्सव

**समालखा( कुलदीप सिह )**
**गांव पावटी में** स्थित खंड के इकलौते पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जहां"वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया वहीं हर्षोल्लास से "प्रवेश उत्सव" भी मनाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्यातिथि पहुची खण्ड शिक्षा अधिकारी नीलम कुण्डू ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनकी उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपने अभि-भाषण में बच्चों के उज्जवल भविष्य की



कामना करते हुए उनके सर्वांगीण विकास में शिक्षकों और अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य साहब सिंह रंगा ने नए शैक्षिक सत्र में शिक्षको एवं विद्यार्थियों को नए उत्साह और जुनून से आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया और अपनी शुभ-कामनाएं दी।

## संपादकीय

# लोकतंत्र में संवाद की शालीनता अपरिहार्य

**आम** चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है। शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न-भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, "शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।" सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है।

# पर्यावरण चुनावी मुद्दा होना चाहिए



आशीष वशिष्ठ

"इस पानी की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार अपने स्तर पर कुछ-कुछ करती है। प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा"

**18वीं** लोकसभा के निर्वाचन के लिए चुनाव का शंखनाद हो चुका है। राजनीतिक दलों द्वारा वायदों की झड़ी लगाई जा रही है। जो मांगोगे उससे ज्यादा मिलेगा वाला माहौल है। ऐसे में मतदाता उसी तरह भ्रमित हैं जैसे किसी शापिंग मॉल में चारों तरफ लगे डिस्काउंट सेल के इश्तहार देखकर होता है। लेकिन आसमान से तारे तोड़कर लाने के वायदों के इस मौसम में आई एक खबर ने हर उस व्यक्ति को परेशान कर दिया जिसे अपने साथ - साथ अपनी संतानों के भविष्य की भी चिंता है। चुनाव आते ही नेताओं की रैलियां, लम्बे-लम्बे भाषण, बड़े-बड़े वादे शुरू हो जाते हैं। परन्तु जो असल मुद्दे हैं उन पर कोई चर्चा या वादे नहीं होते। वर्तमान में हवा में प्रदूषण का स्तर दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लोगों को टीबी तथा श्वास की बीमारियां हो रही हैं, फिर भी लोग मजबूर हैं ऐसे हालात में जीने के लिए। भारत में हर वर्ष लाखों लोगों की प्रदूषण की वजह से असामयिक मौतें होती हैं। चीन के बाद दूसरा स्थान भारत का है जहां प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या है। लगातार वैज्ञानिक वायु प्रदूषण के घातक प्रभाव हमारे समक्ष रख रहे हैं, परन्तु किसी पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा। सभी अपनी धुन में लगे पड़े हैं। आंकड़े बताते हैं कि हम पूरे साल वायु प्रदूषण की चपेट में जीवन जीते हैं। बरसात के वक्त जरूर हमें इससे कुछ राहत मिल जाती है, लेकिन शेष समय इसके साथ रहना ही पड़ता है। इस प्रदूषण के लिए बड़ा कारण कारखानों और वाहनों से निकलता धुआं है। प्रदूषण पर नियंत्रण करना देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। अभी वैश्विक स्तर पर भारत के शहरों के जो आंकड़े आए हैं, बेहद शर्मनाक हैं। पॉलिथीन का इस्तेमाल, काला धुआं उगलते वाहन एवं फैक्ट्रियां, कचरों का ढेर, बदबूदार नालियां, इनसे जीवन नर्क बन गया है। न्यायालयों के सख्त निर्देश के बाद भी केंद्र, राज्य सरकार एवं नगर निगम द्वारा अब तक प्रदूषित वातावरण कम नहीं किया जा रहा है। जनता का सहयोग अपेक्षित भी है और इसकी सबसे अहम भूमिका भी है। देश में होने जा रहे आम चुनाव में भी प्रदूषण मुद्दा नहीं है। राजनीतिक दल इस पर चर्चा भी नहीं कर रहे। आम आदमी को प्रदूषण को लेकर सरकारों से सवाल करने होंगे। राजनीतिक दलों पर भी दबाव बनाना होगा कि चुनावी एजेंडे में साफ हवा-पानी को भी शामिल किया जाए। देश के 9 शहर प्रदूषण के मामले में दुनिया के शीर्ष 10 शहरों में शामिल हैं। इससे भी ज्यादा चैंकाने वाली बात यह है कि विश्व के शीर्ष 50 प्रदूषित शहरों में से 43 शहर तो भारत के ही हैं। प्रदूषण की स्थिति को लेकर हम दुनिया में नौवें नंबर पर हैं। ये आंकड़े डराते हैं। आखिर हम किस दिशा की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हम साफ हवा में सांस भी नहीं ले सकते हैं? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या बिगड़े हुए हालात के लिए कहीं हम खुद ही तो जिम्मेदार नहीं हैं? सबसे दुखदायी आंकड़ा ये है कि भारत की 96 फीसदी आबादी की सांसों में प्रदूषित हवा प्रवाहित हो रही है। प्रधानमंत्री बनने के बाद ही नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया था।। इसके अंतर्गत शहरों के बीच स्वच्छता प्रतिस्पर्धा रखी जाने लगी। प्रतिवर्ष सर्वेक्षण के उपरांत परिणाम घोषित किये जाते हैं। शुरूआत में इस अभियान को लेकर प्रधानमंत्री का उपहास भी उड़ाया गया। राहुल गांधी ने तो यहां तक कहा कि जिन युवाओं के हाथों को काम देना था उनको प्रधानमंत्री ने झाड़ू पकड़ा दी। यद्यपि उस अभियान से जनदजागरूकता बढ़ी है किंतु ये कहना भी गलत नहीं होगा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपेक्षित गंभीरता का अभाव है। ऐसे में ये प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि ऐसे मुद्दे राजनीतिक विमर्श में शामिल क्यों नहीं होते? पंजाब के किसान जो पराली जलाते हैं उसकी वजह से दिल्ली सहित समीपवर्ती बड़े इलाके पर धुएं की चादर बिछ जाती है। सर्वोच्च न्यायालय तक इस मामले में सख्ती दिखा चुका है। आम आदमी पार्टी जब दिल्ली की सत्ता में आई तब वह पराली के लिए पंजाब को कसूरवार ठहराया करती थी किंतु जैसे ही वहां सरकार बनी उसकी शिकायत खत्म हो गई। आजकल चुनाव में सभी पार्टियां मुफ्त बिजली, पानी, इलाज जैसे वायदे करती हैं। इनके बल पर चुनाव जीते भी जाते हैं। लेकिन कोई भी पार्टी प्रदूषण को पूरी तरह समाप्त करने की गारंटी नहीं देती जबकि यह भी विकास का पैमाना होना चाहिए। दरअसल शुद्ध हवा और शुद्ध पानी जैसे विषय चुनाव घोषणापत्र में इसलिए शामिल नहीं होते क्योंकि जनता इन्हें लेकर उदासीन है। इसी के चलते प्रतिदिन अरबों रुपयों का बोतल बंद पानी बिकता है। इसके अलावा पानी के पाउच एवं जार का कारोबार भी आसमान छू रहा है।

हालांकि इस पानी की गुणवत्ता भी संदिग्ध रहती है। प्रदूषण दूर करने के लिए सरकार अपने स्तर पर कुछ-कुछ करती है। प्रदूषण के चुनावी मुद्दा नहीं बनने के पीछे मुख्य कारण यह है कि आमजन अभी तक प्रदूषण के दुष्प्रभावों से अपरिचित हैं तथा अधिकांश ग्रामीण जन अशिक्षित होने के कारण यह भी नहीं जानते कि प्रदूषण होता क्या है। दूसरी ओर, युवा व शिक्षित वर्ग का ध्यान चुनावों के समय व्यक्तिगत समस्याओं पर रहता है, वे राष्ट्रीय समस्याओं पर अपने विचार नहीं रखते हैं। यही वजह है कि प्रतिनिधि व नेतागण अपनी जीत को सुनिश्चित करने व अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए घरेलू, निजी समस्याओं को हल करने पर ज्यादा ध्यान देते है। लोगों को अब स्वच्छ सांसों के लिए प्रदूषण के खिलाफ जागरूक होना होगा। राजनीतिक दलों की पहल का इंतजार न कर जनता को चाहिए कि प्रदूषण को चुनावी मुद्दा बनाए, तभी सभी में पर्यावरण की स्वच्छता व संरक्षण के प्रति नई ऊर्जा का संचार होगा।

अगर देखा जाए तो वर्तमान में चुनाव के दौरान जनता अपने जनप्रतिनिधि का चुनाव औसतन विकास के मुद्दों पर नहीं करती है। कहने को तो विकास का मुद्दा होता है लेकिन चुनाव के समय लोग यह देखकर वोट करते है कि उनकी जाति, समुदाय, और संप्रदाय का उम्मीदवार कौन है। हां, इसमें अपवाद होते हैं मगर कम। इन्हीं सब कारणों से कोई भी राजनीतिक दल अपने मुद्दों में प्रदूषण जैसे विषयों को शामिल नहीं करता है।

न्यायपालिका भी समय-समय पर सख्ती दिखाया करती है किंतु जब तक आम जनता जागरूक नहीं होगी, हालात सुधरने की उम्मीद करना व्यर्थ है। आदर्श स्थिति तो वह होगी जब जनता की तरफ से शुद्ध हवा की मांग उठे, साथ ही इस दिशा में जो भी नियम-कानून बनें उनका पालन करने की स्वप्रेरित इच्छा समाज में जाग्रत हो। आर्थिक विकास के साथ औद्योगिकीकरण भी आता है जो प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत है।
इसी तरह अधोसंरचना के कार्यों में पर्यावरण को क्षति पहुंचाई जाती है। समय की मांग है इस बारे में नई सोच विकसित की जाए ताकि दुनिया के विकसित देशों की कतार में शामिल होने के साथ ही भारत एक स्वच्छ और प्रदूषण रहित देश के रूप में भी जाना जाए। जिस तरह विकास दर के मामले में हम चीन को अपना प्रतिद्वंदी मानते हैं वैसी ही प्रतिस्पर्धा प्रदूषण मुक्त होने के लिए न्यूजीलैंड और फिनलैंड जैसे देशों से की जानी चाहिए। नेताओं को यह भली भांति मालूम है कि वोट प्रदूषण के मुद्दे पर नहीं मिलेंगे, बल्कि जाति, धर्म, आरक्षण आदि के मुद्दों पर मिलेंगे। प्रदूषण सीधे जिंदगी से जुड़ा हुआ मुद्दा है लेकिन चुनावी मुद्दा नहीं बनता। स्वच्छ भारत मिशन की तरह ही स्वच्छ हवा मिशन का नारा बनना चाहिए। देखना ये है कि कोई पार्टी इसे अपने घोषणापत्र या गारंटी में शामिल करती है या नहीं?



## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# सबसे महत्वपूर्ण एवं लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाएँ

विजय गर्ग

**यदि आ**पको विज्ञान के प्रति आकर्षण है और आप इस बात में रुचि रखते हैं कि ब्रह्मांड कैसे काम करता है, तो आपको इस आकर्षण को बढ़ाने और वैज्ञानिक ज्ञान के अपने दायरे का विस्तार करने के तरीके खोजने चाहिए। अब, हम जानते हैं कि इंटरनेट आपको ढेर सारी 'वैज्ञानिक जानकारी' तक पहुंच प्रदान करता है जिसे आप साधारण गूगल खोज से प्राप्त कर सकते हैं। हालाँकि, हमें यह बताना चाहिए कि इनमें से बहुत सी 'वैज्ञानिक जानकारी' इन दावों का समर्थन करने के लिए वैज्ञानिक अनुसंधान और स्थापित प्रयोगों के बिना उपलब्ध कराई गई है। यही कारण है कि केवल उन वैज्ञानिक डेटा और अनुसंधान पर भरोसा करना आवश्यक है जो प्रतिष्ठित और भरोसेमंद संस्थानों, व्यक्तियों और प्रयोगशालाओं द्वारा किए गए हैं। दुनिया भर की नवीनतम वैज्ञानिक घटनाओं से खुद को अपडेट रखने का सबसे अच्छा तरीका विश्वसनीय वैज्ञानिक जानकारी के भरोसेमंद स्रोत का उपयोग करना है। हमने शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय वैज्ञानिक पत्रिकाओं की एक सूची तैयार की है जो आपको नवीनतम खोजों, आविष्कारों, प्रयोगों और निष्कर्षों तक पहुंच प्रदान करेगी। इन पत्रिकाओं का आनंद कौन उठाएगा? हमारी शीर्ष 10 सूची में शामिल पत्रिकाएं लंबे समय से मौजूद हैं और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा व्यापक रूप से सम्मानित हैं। चाहे आप केवल जिज्ञासु हों और विज्ञान के बारे में अधिक जानना चाहते हों या आप एक उभरते हुए वैज्ञानिक हों, ये पत्रिकाएँ आपको विशेषज्ञ जानकारी, सलाह और आँकड़े प्रदान करेंगी जो विज्ञान के बारे में आपके ज्ञान को एक नए स्तर पर ले जाएँगी। हमारी शीर्ष 10 सबसे महत्वपूर्ण और लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाओं को महत्व के किसी भी क्रम में स्थान नहीं दिया गया है। शॉर्टलिस्ट बनाने के लिए हमने जिन मानदंडों का उपयोग किया उनमें वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में उनकी प्रतिष्ठा, वे कितने वर्षों से हैं, उनकी सोशल मीडिया फॉलोइंग, वैज्ञानिक सामग्री का दायरा और गुणवत्ता और वैश्विक अपील शामिल हैं। नेशनल ज्योग्राफिक नेशनल जियोग्राफि क टीवी चैनल पर दुनिया भर से लाखों दर्शक हैं, जो पर्यावरण विज्ञान और पुराने और नए सभी चीजों की खोज को कवर करने वाले कुछ सबसे मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए दैनिक आधार पर आते हैं। नेशनल ज्योग्राफिक टीवी चैनल की लोकप्रियता ने निश्चित रूप से नेशनल ज्योग्राफिक पत्रिका की लोकप्रियता को बढ़ाने में मदद की है और यही एक कारण है कि हमारी सूची में यह पहले स्थान पर है। पत्रिका की सामग्री भारी नहीं है और इसलिए विज्ञान में प्रवेश करने वालों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। नेशनल ज्योग्राफिक अधिकतर प्राकृतिक विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करता है और जिस दुनिया में हम रहते हैं, अंतरिक्ष, जानवरों और आविष्कारों के बारे में शानदार तस्वीरें और जानकारी प्रदान करता है। यह पत्रिका प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध है और इसे हर उम्र का व्यक्ति पढ़ सकता है।

## विचार

# भूलने की बीमारी को दूर करें योग

अल्का सिंह
योग एक्सपर्ट

**अक्सर** व्यस्त जीवनशैली के चलते हम कुछ ना कुछ रोजमर्रा की जिंदगी में भूल ही जाते हैं , परंतु जरूरत से ज्यादा इंपॉर्टेंट चीज भी बार-बार भूलना एक बीमारी का संकेत हो सकता है, इसीलिए कम उम्र में ही है भूलने की बीमारी तो हल्के में ना लें, हो जाएं सावधान ।

**स्ट्रेस-** शायद आपको मालूम नहीं कि मानसिक अवसाद धीरे-धीरे आपकी ब्रेन मेमोरी को खोखला करता है। ज्यादा स्ट्रेस लेने की वजह से लोग डेमेंशिया और अल्जाइमर के शिकार हो जाते हैं।

**कम नींद आना-अगर आप भी अनिद्रा (कम नींद लेना)** के शिकार हैं तो संभल जाइए, क्योंकि इसका असर आपकी ब्रेन मेमोरी पर पड़ता है। नींद कम आने की वजह से न सिर्फ आपका स्वास्थ्य खराब होता है, बल्कि धीरे-धीरे आपके लिए चीजों को याद रखना मुश्किल हो जाता है। घर में चाबी या जेब में पैसे रखकर भूल जाना कोई आम बात नहीं है। जिस उम्र में लोगों की याद्दाश्त दुरुस्त होनी चाहिए उस उम्र चीजों को भूल जाना गंभीर बीमारी का लक्षण हो सकता है। टीनेजर्स में होने वाली इस बीमारी को डेमेंशिया या अल्जाइमर कहा जाता है।

आइए जानते हैं आखिर इतनी कम उम्र में इस बीमारी की वजह क्या होती है.? बार-बार भूलने की दिक्कत से न सिर्फ आपको कई मौकों पर
शर्मिंदगी उठानी पड़ती है बल्कि यह आपके लिए एल्जाइमर जैसे गंभीर रोग का इशारा हो सकती है।

ऐसे में योग की मदद से आप अपनी याददाश्त तेज कर सकते हैं। हाल में हुए एक अमेरिकी शोध के अनुसार, प्रतिदिन 20 मिनट तक योगासनों का अभ्यास दिमाग के लिए ट्रेडमिल पर घंटों दौड़ने से अधिक फायदेमंद है। आइए जानें याददाश्त बढ़ाने और दिमाग तेज करने वाले कुछ प्रभावी योगासनों के बारे में।

**सर्वांगासन**

प्रतिदिन सर्वांगासन के अभ्यास से दिमाग में रक्त संचार अच्छी तरह रहता है और याददाश्त तेज रहती है।

इसे करने के लिए पीठ के बल सीधे लेट जाएं। दोनों पैरों को साथ रखें और हाथों को कमर पर रखें।

सांस अंदर की ओर लेते हुए दोनों पैरों को को पहले 30 डिग्री के कोण तक उठाएं, कुछ सेकंड इस अवस्था में रहने के बाद 60 डिग्री तक उठाएं और फिर 90 डिग्री तक उठाएं।

अब सांस छोड़ते हुए दोनों पैरों को नीचे ले आएं और कुछ सेकंड शवासन में लेटें।

**नोटः कमर और गर्दन में दर्द के मरीज इस आसन को न करें।**

**भुजंगासन**

भुजंगासन न सिर्फ याददाश्त तेज रखता है बल्कि कमर दर्द से लेकर साटिका और स्लिप डिस्क जैसे रोगों में लाभदायक है।

- इसे करने के लिए पहले पेट के बल सीधे लेट जाएं और दोनों हाथों को कंधों के समानांतर रखें
- अब सांस लेते हुए हाथों के बल शरीर के अग्रभाग को ऊपर की ओर उठाएं और जितना हो सकें उतना खींचें।
- 30 सेकंड तक इसी अवस्था में रहने के बाद सांस छोड़ते हुए वापस सामान्य अवस्था में आ जाएं।

**नोटः हार्निया के मरीज इस आसन को न क**

कपालभाति प्राणायाम

**इसे** करने से श्वास की गति सामान्य होती है, एकाग्रता बढ़ती है और मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह अच्छी तरह होता है।

इसे करने के लिए पहले सुखासन में बैठ जाएं।

अब गहरी सांस लें और फिर मुंह बंद कर तेजी से सांस बाहर की ओर छोड़ें। इस दौरान पेट की गति साफ दिखनी चाहिए।

30 सेकंड बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।



# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# निरंतर सीखने की संस्कृति बनाने से छंटनी को कम

विजय

**संगठन** आज के तेजी से विकसित हो रहे कारोबारी माहौल में निरंतर सीखने की संस्कृति विकसित करने के महत्व को देख रहे हैं। बाजार परिवर्तनों को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने और छंटनी की आवश्यकता को कम करने के लिए, यह रणनीतिक दृष्टिकोण निरंतर शिक्षा और कौशल विकास को उच्च प्राथमिकता देता है। नेतृत्व समर्थन के लिए प्रतिबद्ध होकर, सीखने के अवसरों तक पहुंच प्रदान करके, सीखने के लिए समर्पित समय आवंटित करके, सहयोग को प्रोत्साहित करने और कर्मचारियों की उपलब्धियों को पहचानने से, व्यवसाय एक ऐसा वातावरण विकसित कर सकते हैं जो दीर्घकालिक संगठनात्मक लचीलेपन को प्रोत्साहित करता है।

निरंतर सीखने की संस्कृति बनाने के लिए नेतृत्व का समर्पण आवश्यक है। जब नेता चल रही शिक्षा के महत्व पर जोर देते हैं और जोर देते हैं तो वे कंपनी के बाकी सदस्यों के लिए एक अच्छा उदाहरण स्थापित करते हैं। उनकी भागीदारी एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देती है जहां सीखने को एक सामान्य लक्ष्य और पेशेवर और व्यक्तिगत विकास दोनों का एक अनिवार्य घटक माना जाता है। कर्मचारियों को अपना ज्ञान और कौशल बढ़ाने के लिए सीखने के अवसरों तक पहुंच होनी चाहिए। व्यवसायों को कार्यशालाओं, वेबिनार, सेमिनार और प्रशिक्षण सत्र जैसे विभिन्न प्रकार के टूल की पेशकश करनी चाहिए, जो कर्मचारियों की भूमिकाओं और व्यवसाय की बदलती मांगों के लिए उपयुक्त हों। जो नियोक्ता कर्मचारी वृद्धि का समर्थन करते हैं वे अपने लोगों को अनुकूलन के लिए आवश्यक उपकरण देते हैं।

सीखने के अवसरों तक पहुंचः नियोक्ताओं को कर्मचारियों को आजीवन सीखने को बढ़ावा देने के लिए सीखने के कई अवसरों तक पहुंच प्रदान करनी चाहिए। इनमें प्रशिक्षण सत्र, सेमिनार, वेबिनार और कार्यशालाएं शामिल हो सकती हैं जो स्टाफ सदस्यों की भूमिकाओं और कंपनी की बदलती मांगों पर विचार करती हैं। व्यवसाय कर्मचारियों को कौशल हासिल करने का मौका देते हैं जो उन्हें मूल्यवान संपत्ति बनाते हैं और उनके विकास में निवेश करके छंटनी की संभावना को कम करते हैं।

## चरवाणी जी

डॉ. सुरेश कुमार

**हमारे** एक मित्र हैं। नाम तो कुछ और है लेकिन मैं उन्हें श्री चरवाणी जी ही कहकर बुलाता हूँ। बुलाऊँ भी क्यों न? बात ही ऐसी है। जब देखो तब चरवाणी जी साल के तीन सौ पैंसठ दिन, महीने के तीसों दिन, सप्ताह के सातों दिन और दिन के चौबीसों घंटे छिपकली की भांति मोबाइल रूपी दीवार पर चिपके रहते हैं। मानो मोबाइल, मोबाइल न हुआ उनकी जान हो गयी। अब उनके सारे मित्र फेसबुकिया हो गए हैं। हश्र यह है कि सात समंदर पार के मित्र से देर रात जागकर अपनी वातार्लाप की चटनी चाट लेंगे, लेकिन पड़ोस में रहने वालों को भाव तक न देंगे। रिश्तेदारियाँ सारी व्हाट्सप के अखाड़े में निभाते है। ट्विटर के ट्विट्स भूख मिटाने के निवाले हैं। गूगल का डूडल, प्ले स्टोर, ड्राइव उनके दिल की धड़कन बनकर धड़धड़ा रहे हैं। चाहे सड़क हो या फिर बहुमंजिला भवन की सबसे ऊँची मंजिल..स्थान से समझौता किए बिना अपनी उंगलियों को मोबाइली की-पैड के स्टेज पर ब्रेक डांस करवाने में उनका कोई सानी नहीं है। कई बार एक्सिडेंट होते-होते बचे हैं। भले उन्हें दो-चार चोट लग गयी हो, लेकिन अपने मोबाइल पर डेंट तो दूर धूल तक पड़ने नहीं देते। वे अपना एक्सिडेंट सह सकते हैं, लेकिन मोबाइल का डेंट नहीं। गजब जमाने में अजब चरवाणी जी की बात ही निराली है।

चरवाणी जी और मोबाइल का रिश्ता ठीक वैसा ही है जैसे रैदास का अपने प्रभु से। तुम चंदन हम पानी। जाकी बास अंग-अंग समानी। सॉफ्टवेयर मोबाइल में था, लेकिन हार्डवेयर चरवाणी जी का बदला था। माता-पिता की डाँट-फटकार का अब पहले जैसा असर नहीं था। घर पर बहन-बहनोई के आने पर बहाने ढूँढ़-ढूँढ़कर मोबाइल से चिपके रहते थे। कौन आ रहा है, कौन जा रहा है, क्या खा रहा है, क्या पी रहा है जैसी सभी बातों से बेखबर वे रोटी के आधे टुकड़े में गोल-गोल आँखें बनाकर अपने एंड्रायड को ढूँढ़ने की कोशिश करते। उनकी सारी सृजनशीलता समय का झोंका बनकर मोबाइल के वीडियो गेम, नए-नए पोर्न मसाले के बहाने छूमंतर हो जाते। मानो ऐसा लगा जैसे रतजगिया उल्लू चरवाणी जी के सामने सरेंडर हो गये हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 'लाईसेंसशुदा हथियार तुरंत करवाएं जमा'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिलाधीश उत्तम सिंह** ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 तथा करनाल विधानसभा उपचुनाव के लिए 25 मई को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा मानवीय जीवन व सभी प्रकार की सम्पत्तियों को नुकसान से बचाने के दृष्टिगत आपराधिक अधिनियम 1973 के तहत धारा 144 लगाने के आदेश जारी किये हैं। यह आदेश आगामी आदेशों तक मान्य होंगे। आदेशों में कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति के अग्निशस्त्र व किसी भी प्रकार के गोला बारूद जैसे अन्य घातक हथियारों को लेकर चलने पर पाबन्दी रहेगी। जिन व्यक्तियों के पास लाईसेंसशुदा हथियार है वे अपने हथियार संबंधित पुलिस थाने तथा वैध हथियार रखने वाली दुकानों पर तुरंत जमा करवाना सुनिश्चित करें तथा संबंधित से इसकी रसीद अवश्य प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि जमा करवाए गए हथियारों को सुरक्षित अभिरक्षा प्रदान करने के लिए सभी एसएचओ तथा वैध हथियार रखने वाले दुकानदार इन आदेशों की अनुपालना के लिए बाध्य होंगे। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों की अनुपालना न करने वाले व्यक्तियों पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### राजीवपुरम में रिटायर्ड अधिकारी की सांड के हमले से मौत

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। राजीवपुरम में** आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या से यहां के लोग काफी परेशान हैं। हाल ही में एक रिटायर्ड अधिकारी की भी कालोनी में सांड के हमले से मौत हो गई। इस समस्या को लेकर कालोनिवासियों में गहरा रोष है। लोगों ने नगर निगम से आवारा पशुओं को पकड? की मांग की है। राजीवपुरम वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान बीएल टेकारिया व श्री गुरु रविदास महासभा के प्रधान चमेल सिंह भोला ने बताया कि कालोनी में आवारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, जो कभी भी किसी पर भी हमला कर देते हैं। लोगों का गलियों से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि 28 मार्च को कालोनीवासी रिटायर्ड एसडीओ इरिगेशन हरियाणा जय किशन दहिया सुबह दूध लेने जा रहे थे तो पीछे से एक सांड ने उन पर हमला कर दिया और उठाकर फेंक दिया, जिससे उनके सिर में गहरी चोट आई। इसके बाद उन्हें अरविंद भाई अस्पताल में दाखिल करवाया गया, लेकिन 29 मार्च को सुबह 11 बजे उनकी अस्पताल में मृत्यु हो गई। कालोनी के लोगों ने नगर निगम प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द आवारा पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाए। यदि जल्द इस समस्या से निजात नहीं दिलाई गई तो वे धरना प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर राम प्रकाश शर्मा, अश्विनी कालसन, राजेश धानिया, मास्टर सुरेंद्र कुमार, एनके चोपड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

### देश के हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार : अनुभव मेहता

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** उपचुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि संविधान ने देश के हर वयस्क नागरिक को वोट देने का अधिकार दिया है। नागरिकों की सकारात्मक सहभागिता से ही प्रजातंत्र मजबूती से कायम रहता है। वोट सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि राष्ट्र के भविष्य को आकार देने का एक शक्तिशाली साधन है। एसडीएम ने कहा कि करनाल विधानसभा के उपचुनाव में वोट प्रतिशतता बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। राजनैतिक पार्टियां भी इसमें सहयोग करें और 25 मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करें, क्योंकि प्रजातंत्र का आधार स्वयं मतदाता होते हैं। वोट डालना मतदाता का संवैधानिक अधिकार है तथा मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता आगामी दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव व करनाल विधानसभा उपचुनाव में अपने मत का उपयोग करें।

# मोदी ने दी विकास की गारंटी, जनता दे रही 400 पार की गारंटी: नायब सैनी

**चंडीगढ़/ उचाना (जींद)**
**टीम एक्शन इंडिया:**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहां है कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने जा रही है और देश की जनता ने प्रधानमंत्री को 400 सीटों के पार पहुंचाने की गारंटी दी है और इस गारंटी में हिसार का नाम भी शामिल होगा। मुख्यमंत्री आज हिसार लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला के समर्थन में उचाना अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद नायब सैनी का जींद जिले का यह पहला कार्यक्रम था। नायब सैनी ने रणजीत चौटाला को लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने वाला और उन्हें पूरा करवाने वाला बताया और कहा कि जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी मैं आप लोगों के बीच खड़ा मिलूंगा और आप लोगों के लिए चंडीगढ़ में सीएम हाउस के दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल तक देश को लूटने का काम किया,वह गरीबी हटाओ का नारा तो देती थी, लेकिन गरीबी हटाने के लिए उन्होंने कभी कोई योजना नहीं बनाई। कांग्रेस की नीति और योजना केवल भ्रष्टाचार रहा।




भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं उनका पिता के समान सम्मान करता था और करता हूं, लेकिन चौधरी बीरेंद्र सिंह को इस समय देश की सबसे भ्रष्टाचारी पार्टी के साथ खड़ा नहीं होना चाहिए था। उन्होंने दुष्यंत चौटाला के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि खूंटा भी मजबूत है गाय भी मजबूत है और बछड़ा भी मजबूत है। देश की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा पिछले 10 सालों में जनता के हित में चलाई गई नीतियों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि धारा 370 को हटाना, अभिनंदन का 24 घंटे के अंदर पाकिस्तान से वापस भारत में आना, किसानों को 6000 रुपए सालाना किसान सम्मान निधि देना, हर घर में स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाना, गरीबों को साल में 5 लाख रुपए का मुफ्त इलाज का अधिकार देना आदि ऐसी योजनाएं हैं जो विपक्ष ने कभी सोची भी नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में मनोहर लाल की सरकार ने साढ़े 9 सालों में अंत्योदय के उत्थान पर काम किया है और उनकी सरकार उन नीतियों को और तेजी से आगे बढ़ने का काम करेगी।

# मीडिया फेक व पेड न्यूज से रखें परहेज: उत्तम सिंह



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त एवं** जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा के उप चुनाव के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को लेकर मीडिया प्रमाणिक एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। यह कमेटी इस बात का ध्यान रखेगी कि कहीं कोई प्रचार माध्यम में कोई अफवाह या गलत समाचार तो नहीं प्रसारित किया जा रहा, जिससे चुनाव में मतदाता भ्रमित होता हो। उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के दौरान समाचार पत्र, टीवी चैनल, लोकल केबल टीवी, सोशल मीडिया आदि में समाचारों की शुचिता बरकरार रहनी चाहिए। कोई भी फेक व पेड न्यूज मीडिया में नहीं आनी चाहिए। कोई भी संचार माध्यम भ्रामक समाचार प्रसारित करता है तो चुनाव आयोग उसके खिलाफ कार्यवाही कर सकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञापन या समाचार को लेकर किसी प्रकार की शिकायत है तो उसके लिए निर्वाचन विभाग ने 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया हुआ है। चुनाव के समय मतदान से पहले वाले दिन और मतदान के दिन किसी भी उम्मीदवार को टीवी चैनल या अखबार में विज्ञापन प्रसारित करवाना है तो उसके लिए एमसीएमसी कमेटी से प्री सर्टिफिकेट लेना होगा।

### फसल की खरीद में आनाकानी करने पर भाकियू ने मंडी में किया प्रदर्शन

**गन्नौर। गन्नौर अनाज** मंडी में हैफेड द्वारा सरसों की फसल की सरकारी खरीद में आनाकानी करने पर मंडी में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट ने विरोध किया। किसानों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों द्वारा पहले उनकी फसल को खरीदने से मना कर दिया जाता है। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने कहा कि सरसों की खरीद कर रही एजेंसी के अधिकारियों द्वारा किसानों की फसलों को खराब बता कर उनकी खरीद नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों की सरसों की फसल को एजेंसी के अधिकारी नमी बता कर नहीं खरीद रहे।

# केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति और मेरी इच्छा से हुआ नेतृत्व परिवर्तन: मनोहर

**समालखा**

**( कुलदीप सिंह ): हरियाणा में मुख्यमंत्री** बदलने का फैसला कोई रातों रात नहीं हुआ, बल्कि नेतृत्व परिवर्तन की यह पटकथा एक साल पहले लिखी जा चुकी थी। नायब सैनी को मुख्यमंत्री बनाने के पीछे केन्द्रीय नेतृत्व की सहमति ओर उनकी इच्छा शामिल हैं। यह रहस्योद्घाटन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि उन्होंने ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने सीएम पद छोड़ने की इच्छा जताई थी। मनोहर लाल खट्टर शनिवार को समालखा में लोकसभा चुनाव के मध्य नजर पार्टी कार्यकर्ताओं का मार्ग दर्शन करने पहुंचे थे।




समालखा जीटी रोड पर स्थित लोकसभा चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का गुरु मंत्र देते हुए लोकसभा के साथ साथ समालखा विधानसभा सीट भी जीतने का संकल्प दिलाया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की टीस को ब्यां करते हुए कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि समालखा विधानसभा सीट ऐसी है जहां बाराती तो बहुत है लेकिन बन्ना (दुल्हा) कोई नहीं बना है। पूर्व सीएम ने कार्यकताओं से वायदा लिया कि यदि वह उन्हें दुल्हे का नाम बता देंगे तो क्या उसे चुनाव जीता देंगे। इस पर एकबार तो बैठक में सन्नाटा छा गया। मनोहर लाल ने कहा कि उस दुल्हे का नाम कहा की कमल का फूल है। आपको कमल निशान को दुल्हा मानकर मतदान करना है तभी चुनाव जीत सकते हैं। मनोहर लाल ने कार्यकर्ताओं के साथ साथ मंचासीन नेताओं से भी कमल निशान के लिए काम करने का भरोसा लिया। साढ़े नौ साल तक प्रदेश में सीएम रहे मनोहर लाल ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों व नेतृत्व परिवर्तन से लेकर मध्य प्रदेश में सीएम बदलने की कहानी कार्यकर्ताओं को सुनाते हुए कहा कि यह भाजपा है यहां कुछ भी संभव है।

### हवाई पट्टी के पास व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुंजपुरा रोड** पर स्थित हवाई पट्टी के पास एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने मृतक के दोस्त पर ही हत्या का शक जताया है। दोनों कल शाम को घर से बाइक पर सवार होकर शादी में गए थे। वहीं मृतक के दोस्त ने पुलिस को बयान में बताया कि पेड़ से बाइक टकराने के बाद उसकी मौत हुई है। फिलहाल कुंजपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। गांव दनियालपुर निवासी 40 वर्षीय मृतक सतपाल के भाई राजबीर ने बताया कि उसका भाई और पड़ोसी सचिन दोनों दोस्त थे और पेंटर का काम करते थे। बीती शाम को सचिन सतपाल को घर से बाइक पर लेकर गया था। कहा कि था कि हम शादी में जा रहे हैं, लेकिन रात को 10 बजे उन्हें फोन आया कि सतपाल की मौत हो चुकी है। राजबीर ने बताया कि सचिन कहा रहा है कि शादी से वापस आते समय हवाई पट्टी के पास पेड़ से बाइक टकराई थी।

# चुनाव में आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से की जाएगी अनुपालना: उत्तम

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 व करनाल विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने के लिए आदर्श आचार संहिता की दृढ़तासे अनुपालनाकी जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से चुनाव की तिथि की घोषणा होने के उपरांत ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और इसकी अधिसूचना 29 अप्रैल को होगी। उन्होंने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के तहत 6 मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल 7 मई को की जाएगी तथा उम्मीदवारों के लिए नामांकन पत्र वापिस लेने की अंतिम तिथि 9 मई रहेगी। उन्होंने बताया कि 25 मई को मतदान होगा तथा 4 जून को मतगणना होगी। आगामी 6 जून चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने की तिथि है। उन्होंने बताया कि करनाल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आम चुनाव के दौरान 20 लाख 81 हजार 560 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 10 लाख 95 हजार 941 पुरूष तथा 9 लाख 85 हजार 582 महिला मतदाता और 37 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इन मतदाताओं की सुविधा के लिए संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कुल 2023 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें से 1147 मतदान केंद्र करनाल जिला में तथा 876 मतदान केंद्र पानीपत जिला में स्थापित किए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पीने का पानी, शुलभ शौचालय, रैम्प इत्यादि की व्यवस्था की गई है। उन्होंने जनता से अपील की है कि लोकतन्त्र के महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में मतदाता भाग लेकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। प्रशासन द्वारा फ्री व फेयर चुनाव करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कहीं पर भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत मिली तो तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इसके लिए फ्लाईंग स्कवॉड व सर्विलांस टीम को भी एक्टिव किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि चुनावी खर्चे पर भी कड़ी नजर रहेगी, इतना ही नहीं बैंकों से होने वाले लेन-देन पर भी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाएगा। इस कंट्रोल रूम में टोल फ्री नंबर 1950 एक्टिव रहेगा। साथ ही सी-विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का भी तय समय सीमा के भीतर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व चुनाव लड? वाले उम्मीदवारों से अपील की है कि वे आदर्श आचार संहिता की पालना करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता (स्वीप) विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

# आर्य कन्या विद्यालय का परिणाम रहा बेहतर

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: आर्य कन्या** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्कूल पानीपत में विद्यालय का वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया और प्रतिभाशाली छात्राओं को मुख्यातिथि ने मौके पर ही सम्मानित किया।इस पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्यातिथि इस विद्यालय की पूर्व प्राचार्य सुशीला घनगस रही। विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद आर्य ने अध्यक्षता की ,। प्राचार्य स्वीटी छिकारा ने स्कूल में पहुंचने पर सभी अतिथियों का स्वागत किया और स्कूल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।इस अवसर पर कक्षा 7की इंशा रहमान ने 92% से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार कक्षा 8 की भावना ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर- के विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि सुशीला घनगस ने कहा कि इस देश को सुखी समृद्ध और आजाद करवाने में जहा शहीद चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव ने अपना जीवन बलिदान कर दिया वही महर्षि दयानंद सरस्वती और स्वामी श्रद्धानंद ने भी अपना जीवन न्योछावर कर दिया।



# दिन-दिहाड़े बदमाशों ने गाड़ी सवार युवक पर हमला कर दिया

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल: नेशनल हाइवे** पर आज दोपहर के समय दिन-दिहाड़े बदमाशों ने गाड़ी सवार युवक पर हमला कर दिया। राहगीरों के अनुसर गाड़ी में युवक के साथ दो युवतियां भी थीं। बदमाश युवक और युवतियों को बाहर निकालकर अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गए। घटना के बाद पुलिस की कई गाडियां मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। दयानंद कॉलोनी निवासी सौरव राणा नाम का युवक सेक्टर 12 निर्मल कुटिया चौक से आइटीआइ चौक की तरफ जा रहा था। उसके साथ गाड़ी में 2 युवतियां भी बैठी थी। जब वह सर्विस रोड से नेशनल हाईवे पर चढने लगा तो एक गाड़ी में 4 से 5 युवक आए और उसकी गाड़ी रूकवाई। हमलावरों ने सौरव की गाड़ी के पहले शीशे तोड़े, इसके बाद सौरव और दोनों युवतियों को बाहर निकालकर मारपीट करते हुए गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद तीनों को वह अपने साथ ले गए। घटना के दौरान सौरव का दोस्त नेशनल हाईवे से गुजर रहा था। सौरव की गाड़ी देखकर वह रुक गया। जब वह गाड़ी के पास गया तो वह ऑन थी और शीशे टूटे हुए थे। गाड़ी के पास में लड़कियों की सैंडल व चश्मा भी टूटा हुआ पड़ा था। उसने सौरव को फोन किया, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया। इसके बाद उसने सौरव के परिवार व सिविल लाइन थाना पुलिस को सूचना दी। दोस्त ने बताया कि कल सौरव की लंदन की फ्लाइट है। उस पर किसने हमला किया और क्यों उसको अपने साथ लेकर गए, इसकी अभी जानकारी नहीं है। उसके साथ कोई लड़कियां थीं या नहीं, उसका भी उसे पता नहीं। सिविल लाइन थाना के प्रभारी विष्णु मित्र ने बताया कि नेशनल हाईवे पर गाड़ी सवार युवक पर हमले की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई। गाड़ी टूटी हुई थी। गाड़ी के पास लडकी के सैंडल और टूटा हुआ चश्मा पड़ा था। मामला क्या है, इसकी अभी जांच की जा रही है। परिवार द्वारा अगर कोई शिकायत दी जाती है तो उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



# मनोहर लाल बैठक कर कुछ ही समय में भाजपाइयों को दे गए मनोहर गुर

**कमाल हुसैन**

**पानीपत: हरियाणा के** निवर्तमान मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने शनिवार सुबह भाजपा जीटी रोड कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक लेकर वैज्ञानिक ढ़ंग से चुनाव लड़ने के गुर दे गए। बैठक को संबोधित करते हुए निवर्तमान मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि पार्टी में कोई कार्य छोटा अथवा बड़ा नहीं होता और कोई भी पदाधिकारी पार्टी से बड़ा नहीं होता इसलिए वर्तमान लोकसभा चुनाव के दौर में जिस भी पदाधिकारी को जो भी जिम्मेवारी मिले उसे पूरी निष्ठा, श्रद्धा और तत्परता के साथ निभाए। कमरा आदमी काम के बिना नहीं रह सकता इसलिए जो कार्यकर्ता या पदाधिकारी कार्यभार मुक्त हुए हैं उन्हें शीघ्र ही नई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देगी` उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में चुनाव भी विज्ञान बन गया है इसलिए चनाव प्रचार को भी वैज्ञानिक ढंग से आम और खास आदमी तक पहुँचाया जाए। जिस प्रकार फतेहचंद विज जैसे जनसंघ के कर्मठ नेताओं ने विकसित पानीपत के जो स्वप्न देखे थे उन्हें उनके पुत्र व पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज सरकार की परियोजनाओं के माध्यम से साकार कर रहे हैं। मनोहर लाल ने कहा कि उन्होंने अपने साढ़े नौ साल के कार्यकाल में पानीपत के अनेक दौरे किए और लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से कठिन समस्याओं का भी समाधान किया है जिसमें मॉडल टाउन को रिहायशी के साथ कमर्शियल क्षेत्र बनाना और शहर की लगभग 100 से अधिक कॉलोनियों को नियमित करना, से. 29 पार्ट 2 औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया है यही नहीं पानीपत शहर में जनता की सुविधा के लिए 5 अंडरपास पर काम चल रहा है जो पूरे होने वाले हैं` शहर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते हुए पार्कों का सुन्दरीकरण भी किया गया है उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा नुकसान गरीब आदमी को उठाना पड़ता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जहाँ भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के पूरे प्रयास किए वहीं सभी कल्याणकारी योजनाओं और विकासात्मक नीतियों को ऑनलाइन करके पूरी पारदर्शिता के साथ लोगों तक पहुंचा कर सुशासन का बेहतर उदाहरण पेश किया है` यही कारण है कि आज विपक्षी पार्टियों को सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में उपयुक्त उम्मीद्वार भी नहीं मिल रहे हैं` उन्होंने कहा कि चुनाव को वैज्ञानिक ढ़ंग से लड़ने के लिए जिले के सभी 870 बूथों पर बूथ अध्यक्ष बनाए गए हैं वहीं 187 शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं और सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को भी कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण दे दिया गया है` जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने आश्वासन दिया कि उनके द्वारा दिए गए सभी निर्देशों और सुझावों को सभी कार्यकर्ता प्रोत्साहन के तौर पर लेते हुए अपनी जिम्मेदारी अनुशासन से निभाएंगे।



# पार्टी के घोषणा पत्र में मिलेगा हर वर्ग के विचारों को सम्मान व स्थान: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: भाजपा ने लोकसभा** चुनाव 2024 के लिए गठित चुनाव घोषणा पत्र समिति में हरियाणा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं मौजूदा राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ को शामिल किया है। धनखड़ ने चुनाव घोषणा पत्र तैयार करने वाली समिति में शामिल करने पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। धनखड़ ने कहा कि पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में इस बार भाजपा 400 पार के संकल्प को जनता जर्नादन के आशीर्वाद से पार्टी का हर कार्यकर्ता पूरा करने को तैयार है। भाजपा के पास मोदी जैसा सशक्त, कुशल व लोकप्रिय नेतृत्व , सबका साथ- सबका विकास और सबका विश्वास की नीति और नीतियों को लागू करने की नेक नीयत है। मेनिफेस्टो समिति सदस्य धनखड़ ने कहा कि यह चुनाव भारत को अमृत काल में आत्मनिर्भरता की ओर लेकर जाने वाला ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनाने का चुनाव है। धनखड़ ने जोर देते हुए कहा कि पीएम मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में समाज के हर वर्ग के विचारों को बराबर सम्मान व स्थान दिया जाएगा। पिछले दस वर्षों में केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने सुशासन, गरीब कल्याण, महिला उत्थान, किसानों के लिए बीज से बाजार तक नीति, युवाओं के कौशल विकास के लिए अनेक संस्थान व स्टार्टअप जैसी योजनाएं, सेना का आधुनिकीकरण, फौज को दुश्मन के घर में जाकर मारने की छूट, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, तीन तलाक का खात्मा, कश्मीर को धारा 370 से मुक्ति सहित देश को आगे बढ़ाने के ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

दिल्ली प्रदेश चुनाव प्रभारी धनखड़ ने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देश बनाने का संकल्प बहुत बड़ा कार्य है।

# शराब घोटाला: कैलाश गहलोत से ईडी ने की पूछताछ

## पूछताछ के लिए गहलोत शनिवार को ईडी के दफ्तर पहुंचे, इससे पहले शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी ने कई बड़े नेता पहले से ही जेल में

**जांच की आंच**

8 ईडी ने करीब पांच घंटे तक उनसे पूछताछ की। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को समन जारी किया था





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम** आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली परिवहन मंत्री कैलाश गहलौत से शनिवार को ईडी ने शराब घोटाले से संबंधित सवाल जवाब किए। ईडी ने करीब पांच घंटे तक उनसे पूछताछ की। दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत को समन जारी किया था। पूछताछ के लिए गहलोत शनिवार को ईडी के दफ्तर पहुंचे। इससे पहले शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी ने कई बड़े नेता पहले से ही जेल में हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ईडी की रिमांड पर हैं, तो वहीं मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन अन्य मामले में जेल में बंद हैं।

**कैलाश गहलोत की पहले से चल रहे एक और जांच:** अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन के बाद कैलाश गहलोत सरकार में सबसे वरिष्ठ और आलाकमान के भरोसेमंद माने जाते हैं। उनके पास इस समय दिल्ली परिवहन के साथ कई अन्य महत्त्वपूर्ण विभाग हैं। लेकिन कैलाश गहलोत पर पहले ही डीटीसी बसों की खरीद में घोटाले करने के आरोप हैं। भाजपा ने आरोप लगाया था कि कैलाश गहलोत के परिवहन मंत्री रहते हुए दिल्ली सरकार ने एक हजार डीटीसी बसों की खरीद प्रक्रिया शुरू की थी। भाजपा का आरोप है कि इन 1000 बसों की खरीद और इनके रखरखाव मामले में भ्रष्टाचार किया गया है।

**शराब घोटाला मामले में ईडी रिमांड पर हैं सीएम केजरीवाल:** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बृहस्पतिवार राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली।

### नई शराब नीति में घोटाले के आरोप क्यों लगे?

**सरकार** ने लाइसेंस की फीस भी कई गुना बढ़ा दी। जिस एल-1 लाइसेंस के लिए पहले ठेकेदारों को 25 लाख देना पड़ता था, नई शराब नीति लागू होने के बाद उसके लिए ठेकेदारों को पांच करोड़ रुपये चुकाने पड़े। इसी तरह अन्य कैटेगिरी में भी लाइसेंस की फीस में काफी बढ़ोतरी हुई।

**घोटाले के आरोप क्यों लगे?**
नई शराब नीति से जनता और सरकार दोनों को नुकसान होने का आरोप है। वहीं, बड़े शराब कारोबारियों को फायदा होने की बात कही जा रही है। भारतीय जनता पार्टी का यही आरोप है। तीन तरह से घोटाले की बात सामने आ रही है। इसे समझने के लिए हम थोड़ा आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।

### दिल्ली की नई शराब नीति क्या थी?

**17 नवंबर** 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

# न्यूजक्लिक के खिलाफ पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शुक्रवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था। आरोप पत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया।

न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया है।

**आरोप पत्र**

8 पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था

बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

# कोई झगड़ा 'विराट' या 'गंभीर' नहीं, दिल्ली पुलिस का पोस्ट वायरल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आईपीएल** मैच के बीच विराट कोहली और गौतम गंभीर सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए हैं। आईपीएल 2024 के आरसीबी और केकेआर के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें विराट कोहली और गौतम गंभीर पुराने विवादों को भुलाकर एकदूसरे से गले मिलते नजर आए। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने एक पोस्ट साझा किया। जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

**दिल्ली पुलिस ने साझा किया पोस्ट:** दिल्ली पुलिस ने अपने एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा किया। इस पोस्ट में लोगों को जागरूक




करने के लिए गौतम गंभीर और विराट कोहली के गले मिलने वाली तस्वीर साझा की। तस्वीर के साथ लिखा कि कोई भी झगड़ा विराट या गंभीर नहीं। झगड़ा हुआ तो डायल 112। किसी भी परेशानी में मदद के लिए 112 है तैयार। पुलिस के इस पोस्ट को जमकर साझा किया जा रहा है। तो वहीं पोस्ट को खूब लाइक मिल रहे हैं। आईपीएल 2024 के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु यानी आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स यानी केकेआर के बीच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच खेला गया। आरसीबी की बल्लेबाजी के दौरान स्ट्रैटेजिक टाइम-आउट हुआ तो मैदान पर एक अलग ही नजारा दिखा। जिसे देखने के बाद मैदान और टीवी पर देखने वाले फैंस हैरान रह गए। एक दूसरे के धुर विरोध रहे विराट कोहली और गौतम गंभीर एक साथ गले मिले और एक दूसरे के साथ मुस्कुराते हुए नजर आए।

# कैलाश गहलोत को ईडी के समन पर भड़की आप

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली** शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी कार्रवाई को तेज कर दिया है। दिल्ली मंत्री कैलाश गहलोत को समन जारी होने पर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए और कहा कि सबसे पहले एजेंसियों को भाजपा से पूछताछ करनी चाहिए। प्रेस वार्ता में कहा कि सिर्फ चार बयानों पर मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। शरद रेड्डी ने भाजपा को चंदा दिया। आतिसी ने आरोप लगाया है कि भाजपा का एक्साइज पॉलिसी में साउथ लॉबी से बड़ा कनेक्शन है।

**निशाने पर**

8 ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए और कहा कि सबसे पहले एजेंसियों को भाजपा से पूछताछ करनी चाहिए

एक्साइज पॉलिसी के अप्रूवर राघव मगुंता रेड्डी के पिता मगुंथा एस रेड्डी को भाजपा ने सांसद का टिकट दिया है। इन दोनो की गवाही के आधार पर केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई है। प्रेस वार्ता के दौरान आम आदमी पार्टी ने कहा कि शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से भाजपा का एक और तार जुड़ गया है।

# हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सुनीता केजरीवाल से की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली में सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। मुख्यमंत्री आवास पर दोनों के मुलाकात हुई। बता दें कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को कथित शराब घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जबकि हेमंत सोरेन को कथित जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आम आदमी पार्टी (आप) के एक्स हैंडल पर दोनों की मुलाकात से जुड़ा एक वीडियो भी



शेयर किया गया है। जिसमें कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल एक दूसरे से गले मिलते नजर आ रही हैं। साथ ही कैप्शन में लिखा गया है कि 'झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन जी सुनीता केजरीवाल से से उनके आवास पर मिलीं। जो तानाशाह सरकार द्वारा अरविंद केजरीवाल जी और हेमंत सोरेन जी की गिरफ्तारी के बावजूद अपने-अपने राज्यों की जनता के साथ मजबूती से खड़ी हैं और लड़ाई लड़ रही हैं'।

# तीन शातिर ड्रग तस्करों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**


**नई दिल्ली:** क्राइम ब्रांच की टीम ने ड्रग तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए तीन शातिर ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान जकी अहमद, हबीब और राशीद के रूप में हुई है। यह तीनों दिल्ली और उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाले हैं। इस ग्रुप के एक नाबालिक साथी को भी पुलिस टीम ने हिरासत में लिया है, जिसके जरिए ये लोग ड्रग्स की खेप लेते थे। इनके पास से 510 ग्राम हाई क्वालिटी की हीरोइन बरामद की गई जिसकी कीमत लगभग 02 करोड़ बताई जा रही है। डीसीपी संजय सेन ने बताया की पूर्वी रेंज -2 के राजकुमार की देखरेख में एएसआई सत्येंद्र, हेड कांस्टेबल मोहित और राजीव की टीम ने तस्करी के इस मामले का खुलासा किया है। जब पुलिस को एक इनफार्मेशन मिली थी की जकी और हबीब ड्रग तस्करी का धंधा करता है। यह वेलकम के कबीर नगर इलाके में हीरोइन की सप्लाई करने के लिए आने वाला है। उस सूचना पर पुलिस टीम ने वहां पर ट्रैप लगाया और इन्हें पकड़ा।

इनके पास से हीरोइन बरामद की गई उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया और दोनों आरोपित को गिरफ्तार करने के बाद उनसे पूछताछ की गई तो फिर तीसरे आरोपित के बारे में पता चला जो कार से हीरोइन लाकर दिल्ली में इनको सप्लाई करता था।

# रील बना पुलिस के बेरिकेट को जलाया, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकप्रिय होने की चाहत में रील्स मनाने का शौक दिनों-दिन बढ़ रहा है। कोई ट्रेन में, कोई सड़क पर तो कोई ट्रैफिक नियमों को ताक पर रखकर धज्जियां उड़ा रहा है। ऐसा ही एक ताजा मामला दिल्ली के निहाल विहार से सामने आया। जहां एक शख्स ने रील बनाने के लिए दिल्ली पुलिस के बेरिकेट में आग ही लगा दी। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें कुछ युवक रील बनाने के लिए दिल्ली पुलिस के बैरिकेड को जला रहे थे। शुक्रवार को निहाल विहार थाने में एफआईआर दर्ज की गई और वीडियो में दिख रहे



आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दिल्ली पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

**आरोपी की हुई पहचान:** पश्चिम विहार इलाके में कार से स्टंट करने वाले चालक को पुलिस ने निहाल विहार इलाके से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चालक की पहचान नांगलोई निवासी प्रदीप ढाका के रूप में हुई है। आरोपी ने कार को बीच रास्ते में रोककर यातायात को प्रभावित किया था और स्टंट कर उसका वीडियो बनाया। फिर उस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड कर दिया। वीडियो संज्ञान में आने के बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गई।

**रील का भूत...**

8 जहां एक शख्स ने रील बनाने के लिए दिल्ली पुलिस के बेरिकेट में आग ही लगा दी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने पुलिस टीम के साथ धक्का मुक्की की। इस बाबत निहाल विहार थाने में आरोपी के खिलाफ सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। साथ ही यातायात नियम का उल्लंघन करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ 36 हजार का चालान किया है।

# शराब पीने से मना करना महिला को पड़ा भारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिम जिले के जहांगीरपुरी इलाके में एक महिला ने बदमाशों को शराब पीने से मना किया तो बदमाशों ने उसके बेटे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी कृष्णा उर्फ गद्दू और उसके नाबालिग साथी को पकड़ लिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, मृतक की पहचान 19 साल के प्रकाश उर्फ कलवा के रूप में हुई है। वह सी ब्लॉक जहांगीरपुरी इलाके में परिवार के साथ रहता था। जहांगीरपुरी पुलिस को प्रकाश को चाकू मारे जाने की पीसीआर कॉल मिली थी। प्रकाश को खून से लथपथ हालत में देखकर उसको तुरंत नजदीक के

**हत्या की**

8 बदमाशों को शराब पीने से मना किया तो बदमाशों ने उसके बेटे की चाकू से गोदकर हत्या कर दी

बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बीच प्रकाश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वारदात वाली जगह के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को कब्जे में लिया। आरोपी कृष्ण और नाबालिग के ठिकानों पर छापे मारकर पकड़ लिया।

# आप का बीजेपी पर निशाना: बीजेपी की वॉशिंग मशीन में धुलते ही प्रफुल्ल पटेल हुए बेदाग-जस्मीन शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी की वॉशिंग मशीन में धुलकर एयरक्रॉफ्ट लीज घोटाले में घिरे पूर्व केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री प्रफुल्ल पटेल भी अब साफ-सुथरे और बेदाग हो गए हैं। अभी जुलाई 2023 में ही प्रफुल्ल पटेल, अजीत पवार गुट के साथ एनसीपी से अलग होकर भाजपा से गठबंधन कर महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए हैं और 8 महीने बाद ही मार्च 2024 में भाजपा की सीबीआई ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर सारा केस बंद कर दिया। आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने बताया कि यह मामला 2006-7 का है। उस दौरान प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री थे। उसी वक्त एयर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस का विलय हुआ और बिना प्लांनिंग के 15 एयर क्रॉफ्ट लीज पर लिए गए। इन एयर क्रॉफ्ट को संचालित करने के लिए पायलट तक हायर नहीं किए और पांच



साल तक रखे रह गए। सीएजी की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फैसले से सरकारी खजाने को 840 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

**हमला बोला**

8 भाजपा से गठबंधन कर महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए हैं और मार्च में भाजपा की सीबीआई ने कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल किया

मनी लॉड्रिंग के तहत इस मामले की ईडी-सीबीआई ने जांच शुरू की, लेकिन अब भाजपा में शामिल होते ही प्रफुल्ल पटेल के सारे केस बंद कर दिए गए।

**भाजपा ने दुनिया की सबसे बड़ी वॉशिंग मशीन का अविष्कार किया:** वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की जनता ने देखा है कि किस तरह से भाजपा ने दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे असरदार वॉशिंग मशीन का अविष्कार किया है। भाजपा की यह एक राजनीतिक वॉशिंग मशीन है, जिसमें बड़ी-बड़ी कंपनियों के मालिक और शरत चंद्र रेड्डी जैसे शराब कारोबारी को डालने के बाद जब वो बाहर आते हैं तो झूठे बयान और भाजपा को चुनावी चंदा देते हैं। ईडी और सीबीआई की जांच के बाद शरत चंद्र रेड्डी से 55 करोड़ रुपए लिए जाते हैं। साथ ही देश के तमाम कलंकित व भ्रष्टाचार में घिरे नेता, जिनके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं, जिनकी जमीनें सीज कर दी गई हैं और आतंकवाद से जुड़े मुकदमें तक चल रहे हैं, बीजेपी ईडी-सीबीआई की जांच रोककर इनको अपनी पार्टी में ले आती है और फिर वॉशिंग मशीन में धोकर इन्हें क्लीन चिट दे देती है। जस्मीन शाह ने कहा कि गुरुवार को जानकारी सामने आई कि एनसीपी (नेशनल कांग्रेस पार्टी) के वरिष्ठ नेता प्रफुल पटेल, जो यूपीए की सरकार में केंद्रीय नागरिक विमानन मंत्री रह चुके है, उन्हें सीबीआई ने क्लीन चिट दे दी है।

# एआई से टूटी समय की बंदिशें, घंटों की जांच रिपोर्ट मिनटों में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: कृत्रिम** बुद्धिमत्ता इस वक्त कई स्तरों पर डॉक्टरों की उलझनों को सुलझा रहा है। इस तकनीक से रोग की तह तक जाने में लगने वाला समय काफी कम हो गया है। साथ ही दूरदराज के मरीजों को चिकित्सीय परामर्श देने में भी सहूलियत मिली है। इस दौरान जटिल रोगों की समय पर पहचान कर पाना मुमकिन हुआ है। मसलन, एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग में इलाज करवाने आए 28 साल के युवक की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी रिपोर्ट का मूल्यांकन कर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उपकरण ने ब्रेन ट्यूमर की पहचान मिनटों में कर दी। इसकी मदद से युवक का इलाज भी जल्द शुरू हो गया, जबकि इस



तरह की रोग की पहचान सामान्य तरीके से करने पर विशेषज्ञों को घंटों समय लगता था। वहीं, नार्थ-ईस्ट के छोटे से गांव में सर्वाइकल कैंसर के शुरूआती लक्षणों से जूझ रही 27 साल की महिला की पहचान उसके गांव में ही हो गई। उक्त गांव की आशा वर्कर ने महिला को हुई परेशानी के बाद एक फोटो खींचकर पोटेबल पल्पोस्कोप पर अपलोड किया। यह फोटो एम्स, दिल्ली के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के डॉक्टरों ने देखी और मूल्यांकन कर मरीज को सलाह दी।

**एआई लाखों रिपोर्ट के आधार पर तैयार करता है एल्गोरिथम:** विशेषज्ञों के अनुसार एआई लाखों रिपोर्ट के आधार पर एक एल्गोरिथम तैयार करता है। उसी के आधार पर वह रिपोर्ट का मूल्यांकन कर अपना सुझाव देता है। डॉक्टर अपने अनुभव व कौशल के आधार पर उस एआई आधारित रिपोर्ट को समझ सकते हैं। यदि डॉक्टर को लगता है कि रिपोर्ट में कुछ और सुधार की जरूरत है तो वह अपना सुझाव व रिपोर्ट का डाटा एआई उपकरण के लिए उपलब्ध करवाता है। इसके आधार पर एआई उपकरण को अपग्रेड किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि एआई उपकरण डॉक्टरों का समय बचा रहा है। इससे बड़ी संख्या में उन लोगों को भी चिकित्सक परामर्श मिल पाया जो पहले इंतजार की श्रेणी में थे।

**टेक्नोलॉजी...**

8 युवक की पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी रिपोर्ट का मूल्यांकन कर एआई ने ब्रेन ट्यूमर की पहचान मिनटों में कर दी।

**मस्तिष्क विकार की पहचान होगी आसान:** एम्स के न्यूरोलॉजी विभाग की प्रमुख डॉ. मंजरी त्रिपाठी का कहना है कि एआई आधारित उपकरण मस्तिष्क विकार के पहचान को आसान व जल्द कर सकते हैं। इनके पहचान के लिए उपकरण को हजारों रिपोर्ट का डाटा दिया गया है।

# विद्युत क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान व विकास कार्य करने को समझौते पर हस्ताक्षर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान और पीटीसी इंडिया सतत विकास लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ विद्युत क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान व विकास कार्य करेंगे। इसे लेकर दोनों ने एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। उत्कृष्टता केंद्र के अनुसंधान व विकास प्रयासों के परिणामों को प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से विद्युत क्षेत्र तक प्रसारित किया जाएगा।

इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत एनपीटीआई व पीटीसी इंडिया लिमिटेड उत्कृष्टता केंद्र के माध्यम से अनुसंधान, विकास और ज्ञान साझा करने के



लिए सहभागिता करेंगे। शनिवार को उर्जा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर 28 मार्च 2024 को नई दिल्ली स्थित विद्युत मंत्रालय के कार्यालय में एनपीटीआई की महानिदेशक डॉ. तृप्ता ठाकुर और पीटीसी इंडिया लिमिटेड के सीएमडी डॉ. राजीब के मिश्रा की ओर से वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एचआर) कोयल सिंघल ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल उपस्थित थे।

# पदाधिकारी-कार्यकर्ता ही दिलाएंगे भाजपा को सबसे बड़ी जीतः मनोहर

## कार्यकर्ता पूरी श्रद्धा और निष्ठा से भाजपा के हक में अधिकतम मतदान करवाकर एक बार फिर लोकतंत्र को जीत दिलाते हुए करनाल को पहले स्थान पर लाएँ- मनोहर

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः हरियाणा के** निवर्तमान मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने शनिवार को हुडा सेक्टर13/17 के कम्युनिटी हाल में पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कियो हरियाणा के निवर्तमान मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल के पानीपत पहुँचने पर हरियाणा के विकास एवम पंचायत और सहकारिता राज्यमंत्री महिपाल ढांडा ,इस क्षेत्र के चुनाव प्रभारी गजेंद्र सलूजा और सभी वृष भाजपा नेताओं एवम कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत। अपने भव्य स्वागत को देखकर गदगद हुए मनोहर लाल। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने स्वर में कहा कि चुनावी शंखनाद हो चुका है और भाजपा हाईकमान ने सभी 10 लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी है और' पिछली बार की तरह इस बार भी हरियाणा ने 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतने का संकल्प लिया हुआ है' इसके साथ ही दूसरा संकल्प यह भी है कि जीत के मामले में करनाल को भारत में प्रथम स्थान पर लाना है इस बार भी 400 पार में हरियाणा अपनी 10 सीटों की भागीदारी करेगा और पहले से भी ज्यादा मतों की जीत के अंतर से करेगा। यह सब भाजपा के कार्यकताओं की बदौलत ही संभव है मनोहर ने कहा कि चुनाव के दौरान वास्तव में प्रत्याशी से अधिक उत्साह कार्यकताओं में होता है और

**वोट की अपील**

**8 भाजपा हाईकमान ने सभी 10 लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी: सीएम**

कार्यकर्ता किसी एक परिवार के लिए नहीं बल्कि पूरे प्रदेश को, देश को अपना परिवार मानकर राष्ट्र के लिए काम करता है।

उन्होंने कहा कि सहकारिता राज्य मंत्री महिपाल ढांडा की कार्यशैली की परसंसा करते हुए कहा कि महिपाल ढांडा कर्मठ कार्यकर्ता ही नहीं एक धार्मिक प्रवृत्ति का समाजसेवी भी है,यही नहीं इन्होंने दो बार लगातार भारी मतों से विधानसभा चुनाव जीत कर यह सिद्ध कर दिया है कि यदि कोई नेता सुशासन और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करता है तो जनता भी उसको सर माथे बिठाती है।

उन्होंने कहा कि उन्होंने 9.5 वर्ष तक हरियाणा के लोगो की दिल खोल कर सेवा की है तथा बिना पर्ची बिना खर्ची और पारदर्शिता के साथ गरीब परिवार के प्रतिभाशाली युवाओ को बड़ी से बड़ी सरकारी नौकरी दी है और नई तबादला नीति बना कर वरिष्ठता के आधार पर सरकारी कर्मचारियों के तबादले किए है।

उन्होंने कहा कि इस समय हर प्रदेश में भाजपा के पक्ष में मोदी लहर चल रही है,फिर भी कार्यकताओं को पूरी कर्मठता के साथ यह चुनाव लडना होंगा।

# आइटीआइ छात्रों को पढ़ाया कानून का पाठ

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस की** महिला कांउसलिंग सेल की इंन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा आईटीआई कालेज बसताड़ा के छात्रों को कानून का पाठ पढ़ाते हुए बताया गया कि हमें कानूनों का सदैव आदर करना चाहिए। सभी कानून हमारे हितों की रक्षा के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने बच्चों को समझाया कि किस प्रकार से वे कानून के दायरे में रहकर जीवन यापन करने से अपने जीवन को सरल और सुगम बना सकते हैं।

उन्होंनें बच्चों को बताया कि जैसे उनमें से कुछ बच्चे दोपहिया वाहनों का प्रयोग करते हैं, लेकिन उनके पास डर्ईविंग लाईसेंस नहीं हैं तो कोई भी छात्र ऐसा न करके सर्वप्रथम यह सुनिश्चित करे कि उसे यातायात के नियमों की पूर्ण जानकारी हो और उसके पास डर्ईविंग लाईसेंस हो। उन्होंने कहा कि आप लोग हमारा आने वाला कल हैं। हमारे देश का भविष्य हैं और आज मैं यहां आप



लोगों के बीच इसलिए हूं, ताकि अपने देश के आने वाले कल को बेहतर बना सकें। उन्होंने बच्चों से कहा कि संस्थान से छुट्टी होने के बाद कोई भी छात्र सडकों पर या ईधर-उधर घूमने की बजाय सीधा अपने घर जाएं और अपने माता-पिता के कार्य में सहयोग करें। महिला निरीक्षक ने छात्रों को गुड टच व बैड टच के बारे में समझाया और इसके साथ ही उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और डायल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में पुलिस सहायता प्राप्त करने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने छात्रों को समझाया कि यदि वे अपने आसपास किसी प्रकार के अपराध को देखते हैं तो इसकी सुचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि संस्थान के आसपास या उनके घर पडोस में यदि कोई व्यक्ति उन्हें फ्री में कोई खाने पीने चीज आफर करता है या फ्री में कहीं घुमाकर लाने इत्यादि का आफर देता है तो यह समझ लें कि इसके पीछे उसकी आपसे कोई बड़ा लाभ लेने की मनसा है या वह व्यक्ति आपको किसी प्रकार की अपराधीक गतिविधि में शामिल करना चाहता है।

## न्यूज फ्लैश

### शादी के डेढ़ माह बाद दुल्हन दो लाख की नकदी और गहने लेकर हुई फरार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना घरौंडा क्षेत्र** के अंतर्गत आने वाले एक गांव से शादी के डेढ़ माह बाद ही दुल्हन आधी रात को ससुराल वालों को बेहोश कर दो लाख की नकदी, 40 तोले चांदी व 6 तोले सोने के गहने लेकर घर से फरार हो गई। थाना घरौंडा क्षेत्र निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 14 फरवरी को उसकी शादी पानीपत के गांव की रहने वाली युवती के साथ हिंदू रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी में करीब 6 से 7 लाख रुपए खर्च भी किया गया। शादी के बाद हम दोनों अच्छे से रह रहे थे। किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। उसे नहीं पता था कि उसकी पत्नी ऐसा काम करेगी। पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि वह करनाल में ही एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। 28 मार्च को वह ड्यूटी से घर आया था। परिवार के अन्य सदस्य भी घर पर थे। सभी के लिए खाना उसकी पत्नी ही बनाती थी। शाम को उसने ही परिवार के सभी लोगों को और मुझे खाना दिया। उस खाने में ही उसने नशीला पदार्थ मिलाया था, जिसके बाद पूरे परिवार की सुबह 7 बजे ही आंख खुली।

सुबह जब वह उठा तो देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं है। बाद में परिवार के अन्य लोगों को भी उसने जगाया। उसके बाद जब वह अपनी पत्नी की तलाश कर रहा था तो देखा कि अलमारी का सारा सामान बिखरा पड़ा था। उसमें से रखा कैश व आभूषण भी गायब थे। बाद में अन्य रिश्तेदारियों मे पत्नी का पता लगाया, लेकिन वह कहीं पर नहीं मिली। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए, लेकिन वह उसकी पत्नी ने पहले ही बंद कर रखे थे। पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में घर से 2 लाख कैश, 6 तोले के सोने के आभूषण जिसमें सोने का हार, हाथों के कड़े, कानों के झुमकेए, टीका इत्यादि, 40 ताले चांदी जिसमें चांदी की भारी पायल, चुकटी, तागडी गुंछा आदि गायब मिले। घरौंडा थाना के जांच अधिकारी रवि कुमार ने बताया कि पति की शिकायत के आधार मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है। जल्द ही विवाहिता का सुराग लगा लिया जाएगा।

### विजय संकल्प रैली से सीएम ने पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह पर साधा निशाना

**जींदः मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी शनिवार को उचाना में विजय संकल्प रैली को संबोधित करने आए। यहां उन्होंने बीरेंद्र सिंह पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वो बीरेंद्र सिंह को अपने पिता की तरह मानते हैं। जब देश की बात है और देश की समस्या के समाधान के लिए यह सरकार जरूरी है। बावजूद इसके वो देश को तोड ? वालों के साथ चले गए। फिर से कांग्रेस की गोदी में जाकर बैठ गए। जिस कांग्रेस ने देश को 55 साल तक लूटा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को उचाना की कपास मंडी में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका की सोच के तहत काम किया। किसान को मजबूती की तरफ ले जाने का काम किया। कांग्रेस ने 55 सालों के अंदर देश के लिए कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचार की नीति कांग्रेस के पास थी। किसान की फसल 11 हजार करोड़ रुपए किसान के खाते में भेजा। किसान सम्मान निधि पीएम नरेंद्र मोदी ने शुरू की। किसान की सोच कोई करता है तो वो पीएम नरेंद्र मोदी, भाजपा सरकार करती है। केंद्र, प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज गायों के लिए करोड़ों रुपये का बजट जारी किया जा रहा है। रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि वह हर माह उचाना में आते रहे। इस पर सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास उचाना के लोगों के लिए हर समय खुला रहेगा। जब भी उचाना के लोगों को जरूरत होगीए वह हाजिर रहेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे राज्य सभा सदस्य सुभाष बराला ने कहा कि बीरेंद्र सिंह ने मेरी आवाज सुनो रैली के जरिये केवल अपनी और अपने परिवार की आवाज सुनाई। उन्होंने क्षेत्र के लोगों की आवाज नहीं सुनी।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला काबू

## सबमर्सीबल पंप की मोटर, पुराना लोहे का सामान और मोटरसाइकिल

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआइए-टू की पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गुलशन उर्फ जंगली पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव खराजपुर थाना कुंजपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक सबमर्सीबल पंप की मोटर, करीब दो क्विंटल पुराना लोहे का सामान और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना कुंजपुरा क्षेत्र के गांव रसूलपुर कला से एक चोरी की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके संबंध में थाना कुंजपुरा में भादंसं की धारा-457, 380 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने मामले



की गंभीरता को देखते इसकी जांच की जिम्मेवारी सीआइए-टू को सौंपी। सीआइए टू की पुलिस ने एक टीम का गठन किया और 28 मार्च की शाम को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी करके गांव कलवेहड़ी मोड़ से आरोपी गुलशन उर्फ जंगली पुत्र रणधीर सिंह गांव खराजपुर थाना कुंजपुरा को गिरफ्तार किया। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सबमर्सीबल पंप की मोटर, करीब दो क्विंटल पुराना लोहे का सामान और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। सीआइए टू के निरीक्षक मनोज वर्मा ने बताया कि आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी का साथी अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है, लेकिन बहुत जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ पहले भी थाना कुंजपुरा में एक चोरी का मामला दर्ज है, जिसमें वह गिरफ्तार भी हो चुका है, लेकिन अभी वह जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था।

# 'भारी बहुमत से विजयी होंगे नायब सैनी और मनोहर लाल'

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। कुरुक्षेत्र भाजपा** के प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगमोहन आनंद ने कहा कि आज प्रदेश की 36 बिरादरी के लोग भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं। करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल रिकॉर्ड भारी मतों से विजयी होंगे। जगमोहन आनंद ने आज वार्ड-11 के मॉडल टाउन में पूर्व पार्षद प्रतिनिधि गिन्नी विर्क के निवास स्थान पर, सेक्टर-3 स्थित एचसीसीआई भवन एवं सेक्टर-6 स्थित पूर्व पार्षद मेघा भंडारी के निवास स्थान पर 36 बिरादरी के प्रबुद्धजनों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि आज चौतरफा आमजन व कार्यकताओं का उत्साह बता रहा है कि देश और प्रदेश में एक बार फिर कमल खिलने वाला है। सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा की संगठन शक्ति के आगे विपक्ष लाचार है। उन्होंने कहा कि पिछले साढे 9 वर्षों में हुए विकास कार्यों के साथ भाजपा के मजबूत संगठन की शक्ति आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में निर्णायक सिद्ध होगी। जगमोहन आनंद ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दोबारा सोने की चिडि ?ा नहीं बल्कि सोने का शेर बनने की राह पर है।

# अष्टांग योग का चौथा अंग है प्राणायाम : दिनेश गुलाटी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के तहत सेक्टर-32 में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। जन-जन को योग करवाना और उनको स्वस्थ करना ही दिनेश गुलाटी और उनकी टीम का उद्देश्य है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्थान-स्थान पर योग शिविर लगाना, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग योग से जुडें. और अपने आपको स्वस्थ कर सकें। प्राणायाम के अभ्यास का महत्व बताते हुए दिनेश गुलाटी ने कहा कि अष्टांग योग का चौथा अंग प्राणायाम है। ऐसा माना जाता है कि अपनी सांसों को नियंत्रित करके अपने मन की शक्ति को नियंत्रित कर सकते हैं। प्राणायाम दो अलग-अलग शब्दों से बना है, प्राण और आयाम। प्राण का अर्थ है सांस लेना और आयाम का अर्थ है सांसों पर नियंत्रण, प्राणों का विस्तार।

योग की बारीकियों को बताते हुए उन्होंने भस्त्रिका प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम विलोम, प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया। योग शिक्षिका मंजू शर्मा, नीरज गुप्ता और उनकी सहयोगी निर्मल कंबोज ने भी साधकों को योग करवाया।

# बकाया प्रोपर्टी टैक्स की 100 फीसदी ब्याज की छूट पाने का आज आखरी दिन

**टीम एक्शन नइंडिया**

**गन्नौरः नगरपालिका के** बकाया प्रोपर्टी टैक्स का एकमुश्त में भुगतान करने पर 100 फीसदी छूट मिल रही है। ब्याज पर छूट पाने का रविवार को आखरी दिन है। इसके लिए नगरपालिका द्वारा छुट्टी वाले दिन भी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। शनिवार को भी कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद रहे और टैक्स जमा करवाने आए लोगों से टैक्स वसूला। नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि वर्ष 2010-11 से लेकर 2022-23 तक के बकाया संपत्तिकर की मूल राशि पर 15 प्रतिशत की छूट व पिछले ब्याज पर 100 प्रतिशत की छूट की



गई है, यह छूट उन संपत्तिधारकों को मिल रही है जो वर्ष 2023-24 तक अपने कुल संपत्तिकर के बकाया का एकमुश्त भुगतान करेंगे। नपा सचिव पवित्र गुलिया ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय की इस छूट की अवधि का रविवार को आखरी दिन है। रविवार को भी नगरपालिका का कामन फैसिलेशन सैंटर खुला रहेगा। कर्मचारियों की छुट्टी वाले दिन भी ड्यूटी लगाई गई है।

# हिसार मंडल आयुक्त ने खेतों में जाकर जांचा गिरदावरी का डाटा

**सिरसाः हिसार मंडल** की आयुक्त गीता भारती ने शनिवार को गांव खेडी के खेतों में पहुंच कर वहां पर रबी फसल-2024 की गिरदावरी के मिसमैच डाटा का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजस्व, कृषि विभाग के अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, कोई भी फसल मिसमैच न हो। उन्होंने मिसमैच गिरदावरी की गहनता से जांच पड़ताल की। आयुक्त ने गांव खेडी का कुल रकबा सरसों बिजाई का कुल रकबा तथा गेहूं व अन्य फसलों की गिरदावरी की जानकारी ली।

# विपक्ष का पूरी तरह से सफाया करने के लिए लोकसभा स्तर पर भी भाजपा ने बैठकों का दौर शुरू किया

**टीम एक्शन नइंडिया**

**चंडीगढ़ः हरियाणा में विपक्ष का** पूरी तरह से सफाया करने में जुटी भाजपा हर लोकसभा में उस लोकसभा की परिस्थिति के अनुसार अपनी रणनीति बना रही है। शनिवार को पंचकूला में अंबाला कोर कमेटी और चुनाव संचालन समिति की बैठकें हुई। चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया ने इन बैठकों में उपस्थित नेताओं से चुनावी रणनीतिक चर्चा की। इसके बाद चुनाव प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने सामाजिक टोलियों से भी चर्चा की। इन बैठकों में चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया के अलावा संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, लोकसभा प्रभारी पवन सैनी, लोकसभा संयोजक असीम गोयल, लोकसभा विस्तारक राम मेहर कुण्डू, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, मंत्री कंवरपाल, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, मंदीप राणा के अलावा लतिका शर्मा भी उपस्थित रहीं। कोर कमेटी, चुनाव संचालन समिति और प्रमुख कार्यकताओं की इन बैठकों में पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा तथा लोकसभा चुनाव को लेकर किए जाने वाले कामों पर चर्चा हुई। सभी विभागों के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इन बैठकों में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी चुनाव प्रभारी को दी। चुनावी अभियान को धार देने के लिए खास मुद्दों पर मंथन हुआ। पार्टी द्वारा चलाए गए अभियान और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के चुनावी लक्ष्यों की रूपरेखा भी बैठक में तैयार की गई। चुनाव प्रभारी डा. पूनिया ने सभी बूथों को और अधिक मजबूत करने के लिए और अधिक मेहनत करने के लिए कहा तथा जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया ने कहा कि पार्टी ने एनडीए के लिए 400 पार और भाजपा के लिए 370 प्लस का जो लक्ष्य रखा है उसे जनता ने पूरा करने का मन बना लिया है। डा. पूनिया ने कहा कि मोदी ने देश को विकास की गारंटी दी है तो अब जनता ने मोदी जी को 400 पार की गारंटी दे दी है। डा. पूनिया ने कहा कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में है। जनता चाहती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़े और विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनें।

# मंडियों में भारी मात्रा में पहुंची सरसों, उठान धीमा

**टीम एक्शन नइंडिया**

**झज्जरः जिला की अनाज** मंडियों में दो दिनों से सरसों की सरकारी खरीद चल रही है। बहादुरगढ़ मंडी में खरीद हैफेड द्वारा की जा रही है। यहां दो दिनों में 611.55 क्विंटल सरसों की खरीद की गई है। हालांकि अभी उठान कार्य धीमा ही है। सरसों की खरीदी गई फसल कट्टों में भरकर अनाज मंडी के फड़ पर रखी गई है। रविवार को उठान कार्य किया जाएगा। रविवार को भी भारी संख्या में किसानों के सरसों लेकर पहुंचने की संभावना है। खरीद शुरू होने के बाद शनिवार को सोलधा, बामनोली, बराही, ईस्सरहेड़ी के अलावा बादली क्षेत्र के कई गांवों से किसान अपनी सरसों की फसल बेचने के लिए मंडी में पहुंचे। सरसों की खरीद शुरू होने पर किसानों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

कई दिनों से सरकारी खरीद न होने के कारण किसान औने-पौने दामों में अपनी फसल को प्राइवेट आढ़तियों को बेचकर वापस लौट रहे थे। वहीं एक अप्रैल से अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद भी शुरू हो जाएगी। ईस्सरहेड़ी के किसान सत्यवान, रणधीर, जयभगवान, बामनोली के किसान जयपाल, सुमेर सिंह और सोलधा के किसान कृष्ण ने बताया कि 26 मार्च से पराज्य सरकार ने सरसों की सरकारी खरीद का ऐलान किया था, लेकिन चार दिनों बाद सरकारी खरीद शुरू हुई।

# भाजपा प्रत्याशी मोहन बडौली का गन्नौर में कार्यकताओं ने किया स्वागत

**टीम एक्शन नइंडिया**

**गन्नौरः शहर के देवीलाल** चौक पर विधानसभा कार्यालय की शुरूआत हवन से की। गन्नौर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने मोहन लाल बडौली का स्वागत किया। इस दौरान हवन यज्ञ किया गया। हवन में मोहनलाल बड़ौली के अलावा विधायक निर्मल चौधरी, जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा, विधानसभा संयोजक आजाद नेहरा, विधानसभा प्रभारी रविंद्र दिलावर, युवा भाजपा नेता देवेंद्र कादियान, जिला महामंत्री निशांत छौक्कर आदि ने आहूति डाली। कार्यालय की शुरूआत करने के



बाद मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि हर कार्यकर्ता बूथ लेवल पर मजबूती से काम करें। कार्यकर्ता के बल पर ही भाजपा लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। इसके बाद रेलवे रोड पर गन्नौर व्यापार मंडल के प्रधान शेखरचंद जैन, संदीप सिंघल, विद्याभूषण हसीजा, योगेश कौशिक, पवन जैन, नंद लाल छाबड़ा आदि ने भी मोहनलाल बडौली का स्वागत किया।

# सरसों की खरीद में आनाकानी पर भाकियू ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन नइंडिया**

**सोनीपतः गन्नौर की** अनाज मंडी में हैफेड द्वारा शनिवार को सरसों की फसल की सरकारी खरीद में आनाकानी करने पर मंडी में भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट ने विरोध किया। किसानों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों द्वारा उनकी फसल को खरीदने से मना कर दिया जाता है। भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट के युवा जिलाध्यक्ष विरेंद्र पहल ने कहा कि सरसों की खरीद कर रही एजेंसी के अधिकारियों द्वारा किसानों की फसलों को खराब बता कर उनकी खरीद नहीं की जा रही है। किसानों की सरसों की फसल को एजेंसी के अधिकारी नमी बता कर नहीं खरीद रहे। जबकि वही फसल जब मार्केट कमेटी की मशीन में जांच करवाई जाती है तो उसमें नमी कम मिलती है। मार्केट कमेटी कार्यालय में अधिकतर किसानों की सैंपल पास मिले हैं। जिसके चलते मंडी में पहुंच कर एजेंसी के अधिकारियों के खिलाफ रोष प्रकट करना पड़ा है। जब नारेबाजी की गई तो इसके बाद अधिकारी आए और उन्होंने फसलों की खरीद शुरू कर दी। विरेंद्र पहल ने चेताया कि यदि किसानों की फसल को खरीदने के साथ उनका उठान नहीं करवाया गया तो यूनियन रविवार को अनाज मंडी में पहुंच कर मुख्य गेट पर ताला जड़ देगी।

# विश्व मौखिक दिवस पर मुंह व दांतों की बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया

**टीम एक्शन नइंडिया**

**गन्नौरः गांव नया**बांस स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर विश्व मौखिक दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित बच्चों एवं स्टाफ को मुंह व दांतों की बीमारियों से बचाव की जानकारी देते हुए जागरूक किया। पीएचसी मोई पर कार्यरत दंत चिकित्सक डा. निधि ने बताया कि स्वस्थ मुख्य ही स्वस्थ जीवन का आधार है। हमें अपने दांतों को दिन में दो बार अवश्य ब्रुश द्वारा साफ करना चाहिए। हैल्थ एंड सेंटर नयाबंस पर कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अमित ने बताया कि जिस प्रकार



हमारे शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभाव मौखिक स्वास्थ्य पर पड़ता है इसी प्रकार मौखिक स्वास्थ्य का प्रभाव हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस दौरान पीएससी पर कार्यरत हेल्थ इंस्पेक्टर विजयपाल और मल्टीपरपज वर्कर पिंकी आदि मौजूद थी।

# पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने लोगों को भाजपा की नीतियों से कराया अवगत





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के धीरपुर वार्ड के श्रीराम सेवा बस्ती में डोर-टू-डोर कैंपेन किया गया।
इस कैंपेन में मुख्य रूप से लोकसभा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल की भतीजी, दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा पूनम गुप्ता, श्रद्धा खंडेलवाल, सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरमैन नीलम बुद्धिराजा, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा एवम झुग्गी झोपड़ी चुनाव अभियान के जिला केशवपुरम जिला संयोजक विशाल पांडेय, आदर्श नगर विधानसभा संयोजक संजय ठाकुर, सहसंयोजक, डॉ. नृपेन्द्र कुमार और अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहें।
इस मौके पर जानकारी देते हुए पूर्व निगम पार्षद एवम सह-संयोजक, झुग्गी झोपड़ी चुनाव अभियान, दिल्ली प्रदेश सुजीत ठाकुर ने बताया कि आज श्रीराम सेवा बस्ती में अभियान चलाया गया और लोगों को भाजपा की नीतियों, कार्यों व योजनाओं से अवगत कराया गया। पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने आगे बताया कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को सुगम बनाने के लिए घर-घर जाकर पत्रक बांटे व चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए आशीर्वाद रूपी वोट भाजपा प्रत्याशी को देने का निवेदन किया गया। जिसमें जनता का भरपूर स्नेह और सहयोग को देख कर अबकी बार 400 पार साकार होता दिख रहा है। श्री ठाकुर ने सभी को भाजपा की नीतियों व कार्यों से अवगत कराया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आजादपुर मंडी: वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के सचिव बने पुनीत कोहली

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन ने पुनीत कोहली के कार्यों को देखते हुए उन्हें वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन का सचिव नियुक्ति किया है। इनके सचिव नियुक्ति होने से मंडी के लोगों में खुशी की लहर है।
**एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने किया पुनीत कोहली का स्वागत:** पुनीत कोहली को वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन का सचिव नियुक्ति होने पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों व कई गणमान्य लोगों ने पुनीत कोहली को बधाई दी।



**श्री कोहली ने एसोसिएशन का किया धन्यवाद:** नवनियुक्ति सचिव पुनीत कोहली ने वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन का धन्यवाद किया और कहा कि आज जो जिम्मेवारी मुझे सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा के साथ निभाऊगां और वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के द्वारा जो कार्य किये जा रहे है, वह प्रत्येक आढ़ती तक पहुंचाये जायेगें। श्री कोहली ने वेजिटेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन भजन सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

**आभार...**
8 श्री कोहली ने एसोसिएशन के चेयरमैन भजन सिंह का विशेष रूप से धन्यवाद किया।

# प्रत्याशी बनने पर फ्रंट ने शिवराम वाल्मीकि का किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुलंदशहर से कांग्रेस प्रत्याशी बनाये जाने पर शिवराम वाल्मीकि का ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के पदाधिकारियों ने भव्य रूप से स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस ने जो वाल्मीकि समाज का मान-सम्मान बढ़ाया है, उसके लिए हम कांग्रेस के शीर्ष नेताओं का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते है।
इस अवसर पर ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कांग्रेस प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि का स्वागत किया और कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि भारी मतों से विजयी होगें। साथ ही उन्होंने कांग्रेस की सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी विभाग कांग्रेस राजेश लिलौठिया, केराजू साहब का विशेष रूप से धन्यवाद किया। उन्होंने आगे बताया कि वाल्मीकि समाज से शिवराम वाल्मीकि को टिकट देने से वाल्मीकि समाज में खुशी की लहर है और वाल्मीकि समाज का सम्मान बढ़ा है।
इस मौके पर बधाई देने वालो में मुख्य रूप से दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के पूर्व अध्यक्ष सुनील कुमार, ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया, कोषाध्यक्ष ओम दत्त चंडालिया, हरिपाल, सुनील बागडी, सुनील कुमार, सतीश कुमार, जगदीश कुमार, राजेन्द्र, अनिल ढिलौर, नरेश कीर, दिनेश लौदे, टोनी चंडालिया, विशाल नकवाल, राजेन्द्र ढिंढोरिया, विजय पार्चा, राजू ढिकोलिया, संजय बहोत, कैलाश कुमार ने बधाई दी।

# नरेला: पालीवाल ब्राह्मण समाज ने किया फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेला में पालीवाल ब्राह्मण समाज की ओर से शनिवार को फागोत्सव-2024 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान संगीतमय सुंदरकांड पाठ, फूलों की होली व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकारों ने राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियो की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोहन लिया। वहीं पालीवाल ब्राह्मण समाज दिल्ली की आम सभा की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे। बाहरी दिल्ली के नरेला में रेलवे रोड़ स्थित नंदीमल धर्मशाला में शनिवार को पालीवाल ब्राह्मण समाज दिल्ली की ओर से फागोत्सव-2024 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों का माल्यार्पण कर, पटका, पगड़ी पहनाकर स्वागत अभिनंदन सम्मान किया गया। इस दौरान कई कार्यकर्मो का आयोजन किया गया। सुबह 9 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। इसके पश्चात पालीवाल ब्राह्मण समाज दिल्ली की आमसभा की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें पदाधिकारियो द्वारा समाज हित में कहीं महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। फागोत्सव होली मिलन कार्यक्रम में फूलों की होली व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। कलाकारों ने राधा कृष्ण पर आधारित होली के गीतों पर एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी, वही राधा कृष्ण की मनमोहक झांकियां की प्रस्तुतियां देकर सबक मनमोहन लिया। इस दौरान मातृशक्ति एवं समाज बंधुओ ने जमकर फूलों की होली खेली। कार्यक्रम दौरान सहभोज का विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महेंद्र अध्यक्ष, शशि भूषण सचिव, मनोज पालीवाल सह सचिव, राजेश कोषाध्यक्ष, निशा संयोजिका, सुरेशचंद्र, संजीव, पवन, सत्य प्रकाश, नीटू, सुरेंद्र, मीना, सुनीता, बबीता, निधि, सुधीर, जितेंद्र, शशिपाल, हरीश, सुनील सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देश में फिर से लहरायेगा भाजपा का परचम: राजकुमार चौधरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा नेता राजकुमार चौधरी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि हम प्रचार के दौरान जहां पर भी जा रहे है, वहां हमें जनता का अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है और जनता भाजपा के कार्यों व भाजपा की नीतियों से काफी ज्यादा प्रभावित है।
उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर बढ़ रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि आज देश के किसानों की हालात में भी काफी सुधार हुआ है, पीएम मोदी ने देश के किसानों के लिए भी कई योजनाएं लागू की है। जिससे किसान जुड़ रहे है और विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।

# अमृत संचार को लेकर चलाया जा रहा हैं अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के अध्यक्ष सरदार जसप्रीत सिंह करमसर द्वारा परमजीत सिंह खालसा के समूह के साथ घर-घर जाकर अमृत संचार मुहिम के तहत प्रचार किया जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप मात्र तीन दिनों में 125 लोगों ने अमृतपान करने में रुचि दिखाई है। आने वाले समय में अन्य जत्थों को साथ लेकर मुहिम को तीव्रता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।
उन्होंने बताया कि अमृत संचार अभियान को लेकर कमेटी की ओर से दिल्ली में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे और पंथ प्रचारक संगत को जानकारी देकर अमृतपान के लिए प्रेरित करेंगे।
यहां जारी एक बयान में सरदार जसप्रीत सिंह करमसर ने कहा कि यह कार्यक्रम 27 मार्च से 12 अप्रैल तक रोजाना रात 8 से 9 बजे तक दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में होंगे। उन्होंने संगतों से अपील करते हुए कहा कि जो संगत अपने क्षेत्रों में यह कार्यक्रम कराना चाहती हैं वह कमेटी के कार्यालय में संपर्क कर सकती हैं। उन्होंने संगत से इन कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ भाग लेने के लिए अपील की।

# शालीमार बाग: कांग्रेस ने जो कहा, वह करके दिखाया: रविता पाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष रविता पाल ने बताया कि कांग्रेस की नीतियां जनहितैषी है, कांग्रेस पार्टी ने जो कहा कि वह करके दिखाया है, यही कारण है कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता कांग्रेस पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा प्रभावित है और कांग्रेस के कार्यों की सराहना कर रही है। उन्होंने आगे बताया कि देश की जनता भाजपा के कार्यों से खुश नहीं है, इस बार जनता का मूंड कांग्रेस के फेवर में है, क्योंकि भाजपा ने जो कहा, वह करके नहीं दिखाया। भाजपा ने अगर जनता को कुछ दिया जो वह महंगाई दी और विकास क्या हुआ, वह आप सभी बेहतर तरीके से जानते है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस का इतिहास है कि कांग्रेस ने कभी भी धोखा देने का कार्य नहीं किया है, देश में विकास ही किया है।

# महापौर एवं पार्षद स्कूल प्रिंसीपलों पर बना रहे फर्जी बिल बनाने का दबाव: प्रवीण शंकर कपूर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा की दिल्ली नगर निगम में आम आदमी पार्टी की सत्ता के 15 माह में हर कुछ दिन बाद को नई धांधली अथवा पार्षदों के लूट-खसोट के किस्से साधारण बात हो गये हैं। निगम का शिक्षा विभाग लगातार धांधली के किस्सों के चलते खबरों में रहता है,आनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी, स्कूल ड्रेस, स्टेशनरी एवं किताबों के वितरण एवं बायस फंड जैसे हर मुद्दे में गड़बड़ी की शिकायतें आती रही हैं और यह क्रम जारी है।
**रखरखाव फंड घोटाला भी आया सामने:** प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की अब इसी क्रम में शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों को दिए जाने वाले वार्षिक रखरखाव फंड में किए जा रहे घोटाले का मामला सामने आया जिससे निगम को जानने वाले स्तब्ध हैं। दिल्ली नगर निगम के अपने 1534 स्कूलों को हर वर्ष स्कूल के साइज अनुसार रखरखाव फंड देता है। एक से 10 क्लास रूम वाले स्कूल को 1 लाख रुपये तो 10 से 30 क्लास रूम वाले स्कूल को 1.5 लाख रुपये तो 20 से अधिक क्लास रूम के स्कूल को 2 लाख रुपए दिये जाते हैं। नियमानुसार यह रखरखाव फंड वित्त वर्ष के प्रथम माह में दिया जाना चाहिए ताकि गर्मियों की छुट्टियों में रखरखाव हो सके पर निगम में पैसे के अभाव के चलते अक्सर इसमे देर सवेर होती रही हो पैसा स्कूलों तक सितम्बर-अक्टूबर में आता था। प्रशानिक नियम अनुसार स्कूल को इस रखरखाव फंड का पैसा 31 मार्च तक खर्च करना होता है अन्यथा यह जब्त हो जाता है। कुछ वर्षों में रखरखाव फंड स्कूलों में आया भी नहीं।
दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 में इस रखरखाव मद में भारी धांधली का मामला सामने आया है जिसमें दिल्ली नगर निगम की महापौर, सत्ताधारी पार्षदों के साथ ही निगम के शिक्षा निदेशक की भूमिका संदेह के घेरे में है।

# धूमधाम से मनाया गया पूर्व पार्षद मंजू शर्मा का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले त्रीनगर वार्ड नंबर-63 से भाजपा की पूर्व निगम पार्षद मंजू संजय शर्मा का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान उनको बधाई देने वालों का उनके कार्यालय व निवास स्थान पर तांता लगा रहा।
पूर्व पार्षद मंजू शर्मा के जन्मदिन को लेकर उनके समर्थक काफी उत्साहित नजर आये। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने पहले उन्हें बुके देकर उनका सम्मान किया फिर केक कटवाकर सभी का मुंह मीठा किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनकी लंबी उम्र की कामना की। जन्मदिन के मौके पर मंजू शर्मा ने बधाई देने आए हुए सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 31 मार्च 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# राजस्थानः भाजपा हैट्रिक तो कांग्रेस खाता खोलने को तैयार

**पिछली बार के प्रदर्शन को फिर से दोहराने की दिग्गज नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती, वहीं, कांग्रेस पार्टी दो बार से सभी सीटों पर हार के क्रम को तोड़ने को लेकर रणनीति बनाने में जुटी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः राजस्थान में भाजपा** बीते दो लोकसभा चुनाव से सभी 25 सीटें जीतती आ रही है। ऐसे में दिग्गज नेताओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती पिछली बार के प्रदर्शन को फिर से दोहराने की है। वहीं, कांग्रेस पार्टी दो बार से सभी सीटों पर हार के क्रम को तोड़ने को लेकर रणनीति बनाने में जुटी है। इस बार भाजपा को कुछ सीटों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल, प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित अन्य नेता उन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरा जोर लगाए हुए हैं। दूसरी तरफ प्रदेश कांग्रेस ने पिछले दो लोकसभा चुनावों की हार से सबक लेते हुए ज्यादातर सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है। चुनावी रणनीति पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। यहां तक की चुनाव घोषणा पत्र को भी जयपुर से लॉन्च किया जा रहा है। ऐसे में बड़े नेताओं को एड़ी से चोटी का जोर लगाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पहली बार विधायक का चुनाव लड़े और मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। संगठन का और चुनाव करवाने का उन्हें लम्बा अनुभव है। इस बार संगठन के साथ-साथ सरकार में रहकर चुनावी मैनेजमेंट का जिम्मा सबसे ज्यादा इन्हीं पर है।



## गजेन्द्र सिंह शेखावत पर तीसरी बार पार्टी ने फिर से विश्वास जताया

**केन्द्रीय** जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत वर्तमान में जोधपुर से सांसद हैं दो बार चुनाव जीत चुके हैं। तीसरी बार पार्टी ने फिर से विश्वास जताया है। प्रदेश में पानी के अन्तरराज्यीय मुद्दों को लेकर खासे चर्चित रहे प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही पानी के दो बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश की। खुद की सीट निकालने के अलावा आसपास की सीटों को भी जिताने की जिम्मेदारी है। पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट उप मुख्यमंत्री रहने के साथ ही पार्टी के लंबे समय तक प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं। उन पर भी पार्टी उम्मीदवारों को जिताने की जिम्मेदारी है। लेकिन उनके गृह जिले टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट और दौसा में पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने को लेकर ज्यादा बड़ी जिम्मेदारी है। यहां जीत के लिए पायलट की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर से लगातार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। वे भाजपा का प्रदेश का बड़ा एससी चेहरा हैं। केन्द्र ने कुछ समय पहले ही इन्हें विधि मंत्रालय देकर बड़ी जिम्मेदारी दी थी।

खुद की सीट जीतने के अलावा पश्चिमी राजस्थान के एससी मतदाताओं को साधने की बड़ी चुनौती है। इनके पास विधानसभा चुनाव में भी घोषणा पत्र बनाने की बड़ी जिम्मेदारी थी। टीकाराम जूली पूर्व मंत्री के साथ नेता प्रतिपक्ष हैं। इस नाते पूरे प्रदेश के लिए जिम्मेदार है।

पार्टी के लिए प्रदेश में सबसे बड़ा चेहरा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तीन बार सीएम रहे, अभी विधायक हैं। इस नाते प्रदेश की जिम्मेदारी है, लेकिन गृह जिले जोधपुर में पार्टी प्रत्याशी को जिताने को लेकर प्रतिष्ठा दांव पर है। पांच साल गहलोत और भाजपा उम्मीदवार गजेन्द्र सिंह राजनीतिक बयानों में एक दूसरे के निशाने पर रहे। अब गहलोत को उम्मीदवार को जिताने के लिए जुटना होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी चित्तौड़गढ़ से सांसद हैं। इस बार फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। एक साल पहले प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इन्हीं के नेतृत्व में पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की और अब लोकसभा चुनाव में भी यही प्रदेश अध्यक्ष हैं।

## फास्ट न्यूज

### साइबर अपराधः 229 मुकदमे दर्ज कर 423 लोगों को किया गिरफ्तार

**फरीदाबादः** फरीदाबाद साइबर पुलिस ने वर्ष 2023 में साइबर अपराध के 229 मुकदमे दर्ज कर 423 आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5.49 करोड़ रुपये की रिकवरी की है। उल्लेखनीय है कि पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश तथा पुलिस उपायुक्त साइबर अपराध जसलीन कौर व एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए तीनों जोन की साइबर थाना पुलिस टीम के द्वारा वर्ष 2023 में 423 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। वर्ष 2023 में फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने 229 मुकदमे सुलझाते हुए 423 आरोपितों को गिरफ्तार किया और इस दौरान इनसे करीब 5.49 करोड़ रूपए बरामद/रिफंड कराए। साइबर पुलिस ने 15486 शिकायतों में से निस्तारण करते हुए 3.07 करोड़ रुपये रिकवर/रिफंड करवाए, 88.67 लाख रुपये शिकायतकर्ता को रिफंड करवाए। साइबर अपराध के मामलों में 2.23 करोड़ रुपये बैंक खाते में फ्रीज कराए।

### वाहनों के शीशे पर लगाई ब्लैक फिल्म तो होगी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म का इस्तेमाल करने वाले लोग सावधान हो जाएं, क्योंकि हरियाणा पुलिस द्वारा एक अप्रैल से सात अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत ऐसे वाहन चालकों के चालान किए जाएंगे। हरियाणा महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालकों पर शिकंजा कसने जा रही है, जो वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाकर घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि वाहनों के शीशे पर ब्लैक फिल्म लगाना यातायात नियमों के विरुद्ध है और हरियाणा पुलिस ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से निपटेगी। ऐसे वाहन चालकों को नियमानुसार 10 हजार रुपये तक का जुमार्ना भरना पड़ सकता है। इस बारे में प्रदेश के सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस अभियान को लेकर संबंधित क्षेत्रों के डीएसपी तथा एसीपी को इंचार्ज लगाया गया है, जिनकी मॉनीटरिंग संबंधित पुलिस अधीक्षकों तथा पुलिस उपायुक्तों द्वारा स्वयं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को चाहिए कि वह यातायात नियमों का गंभीरता से पालन करें और इनका उल्लंघन न करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और उनकी अनदेखी ना करें। यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से चालान किए जाएंगे।

### फर्जी पैमेंट का मैसेज दिखाकर ठगों ने लगाया हजारों का चूना

**फतेहाबादः** जवाहर चौक में एक दुकानदार को शनिवार को फर्जी ऑनलाईन पैमेंट दिखाकर अज्ञात युवकों द्वारा 7500 रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में जवाहर चौक फतेहाबाद निवासी अशोक कुमार ने कहा है कि उसकी जवाहर चौक में पानीपत हैंडलूम के नाम से दुकान है।

## अय्यप्पन के शतक से अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने जलगांव यूनिवर्सिटी को हराया



**प्रतियोगिता**

**ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) चैंपियनशिप के उद्घाटन पर हुआ पहला मुकाबला**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/झुंझुनूं**

श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के पहले मुकाबले में अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई ने राहुल अय्यपन के शानदार शतक की बदौलत कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव को 8 विकेट से हरा दिया। शनिवार को श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी कैम्पस में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष) चैंपियनशिप का उद्घाटन परम विशिष्ट सेवा मैडल से अलंकृत लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा ने युनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला व यूनिवर्सिटी प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल की मौजूदगी में किया। चैंपियनशिप का पहला मुकाबला अन्ना यूनिवर्सिटी चेन्नई व कवयित्री बहिणाबाई उत्तर महाराष्ट्र यूनिवर्सिटी जलगांव के बीच हुआ। टॉस जीतकर जलगांव युनिवर्सिटी ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 145 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज सम्यक जगपाल के 21 रन व तुषार के 20 रन की बदौलत जलगांव यूनिवर्सिटी ने 5.1 ओवर में 41 रन बनाए। लेकिन इसके बाद अन्ना यूनिवर्सिटी के गेंदबाजों ने वापसी करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट झटके। प्रशांत डोले के 24 गेंद पर 32 रन, नीरज जोशी के 17 रन, प्रद्युम्न के 19 रन की बदौलत विरोधी टीम को 146 रन का लक्ष्य दिया। अन्ना यूनिवर्सिटी की तरफ से सुजीत ने 4 ओवर में 36 रन पर 3 विकेट, दीनदयाल ने 17 रन देकर 2 विकेट व गणेश ने 25 रन देकर 2 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अन्ना यूनिवर्सिटी की शुरूवात खराब रही। पहले सलामी बल्लेबाज सूर्या को 5 रन के निजी स्कोर पर जैसल ने सौरभ के हाथों कैच आउट करवाया। उनके बाद मैदान पर उतरे राहुल श्रवण भी 7 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड हो गए। सलामी बल्लेबाज राहुल अय्यपन ने मोर्चा सम्भालते हुए 16 चौके और 2 छक्के की मदद से चैंपियनशिप का पहला शतक ठोकते हुए 66 गेंद पर 105 रन बनाए और टीम को 18 ओवर में ही अन्ना युनिवर्सिटी को 8 विकेट से जीत दिला दी। शेखावटी इलाके में सेना अधिकारी बनाने के लिए स्थापित होगा



बाबा महाकाल को एक लोटा केसरयुक्त रंग का जल अर्पित कर प्रतीकात्मक रूप से मनाया गया रंगपंचमी का पर्व।

## राजस्थान की विरासत और संस्कृति को बनाए रखें : भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**जोधपुरः** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम सभी को राजस्थान की मजबूती के लिए, राजस्थान को आगे बढ़ाने के लिए और राजस्थान की विरासत एवं संस्कृति को बनाए रखने के लिए राजस्थान के लोग मजबूती प्रदान करें। राजस्थान की परंपराएं, राजस्थान की विरासत को बनाए रखने में सहयोग करें। वे शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वे आज जोधपुर प्रवास पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत की नामांकन रैली कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

## सीएम सैनी से मिले सिरसा से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिरसाः** सिरसा संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर शनिवार को चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचारवश भेंट की। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर हरियाणा में होने वाले संसदीय चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण विमर्श किया। मुख्यमंत्री से विमर्श के बाद भाजपा नेता ने बताया कि बैठक के दौरान यह तय हुआ कि हरियाणा में सभी दस सीटों पर भाजपा की रिकॉर्ड विजय को लेकर कार्यक्रम किए जाएंगे, जिसमें पार्टी के दिग्गज नेता आमजन के



हित व प्रदेश के विकास के लिए बनाई गई अपनी योजनाओं को उनके समक्ष रखेंगे। इसके साथ ही सिरसा संसदीय सीट पर भी बड़ी रैलियां की जाएंगी जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता शिरकत कर भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में वोटों की अपील करेंगे।

## पप्पू यादव को महागठबंधन का धर्म निभाना चाहिएः बीमा

**पप्पू यादव कांग्रेस में हैं, वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं, यह पूरे देश की लड़ाई हैः बीमा**

**रस्साकसी**

**महागठबंधन का हिस्सा कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने की जिद पकड़े बैठे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटनाः** लोकसभा चुनाव में इस बार महागठबंधन से बिहार का पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सबसे चर्चित रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि, महागठबंधन में पूर्णिया संसदीय क्षेत्र राजद के खाते में है और यहां से राजद ने अभी हाल में ही जदयू छोड़कर राजद में शामिल होने वाली रूपौली की विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद भी महागठबंधन का हिस्सा कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने की जिद्द पकड़े बैठे हैं। इस पर पहली बार शनिवार को बीमा भारती की प्रतिक्रिया आयी है।



उन्होंने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस में हैं। वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। यह पूरे देश की लड़ाई है। सिर्फ पूर्णिया की लड़ाई नहीं है। पूरे देश की लड़ाई में इस तरह की बातें करनी अच्छी बात नहीं है। वह हमारे गार्जियन है और गार्जियन की तरह फर्ज निभाने की कोशिश करें, यही हम उनसे निवेदन करेंगे। बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव हमारे बड़े भाई हैं। उनसे हमारा आग्रह है कि वह महागठबंधन का धर्म निभाएं। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राजद और वाम दल सभी लोगों ने मिलकर हमारे नाम का समर्थन किया है। ऐसे में उनको भी हमारा समर्थन करना चाहिए।

पूर्णिया में फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बात पर मैं विचार ही नहीं कर रही कि वह चुनाव मैदान में मेरे खिलाफ उतरेंगे। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा काम नहीं करेंगे और मुझे अपना समर्थन देंगे।

## मेरठ की रैली में जयंत पीएम के साथ मंच करेंगे साझा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेरठः** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया। राष्ट्रपति भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में चौधरी चरण सिंह के पोते चौधरी जयंत सिंह ने यह सम्मान लिया। इसके अगले ही दिन रविवार को रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत मेरठ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मंच साझा कर चुनाव अभियान का शंखनाद करेंगे। केंद्र सरकार ने चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न देने की घोषणा की थी।




इसके बाद उनके पोते रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा उनका दिल जीतने की बात करते हुए एनडीए में शामिल होने की घोषणा की थी। राष्ट्रपति से सम्मान ग्रहण करने के बाद जयंत ने कहा कि मेरे पास शब्द नहीं है। यह सम्मान पाकर बहुत अच्छा लगा। भाजपा पदाधिकारियों के मुताबिक रविवार, 31 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी मेरठ में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का शंखनाद करेंगे। इस रैली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत भी प्रधानमंत्री के साथ मंच साझा करेंगे। इस दौरान पांच लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान किया जाएगा। भारत रत्न सम्मान ग्रहण करने के अगले ही दिन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी और जयंत सिंह की साझा रैली के बड़े राजनीतिक अर्थ निकाले जा रहे हैं। किसानों और जाटों को साधने के लिए यह बड़ा मौका है।

## पंजाब में बंद होंगे दो टोल प्लाजा, सरकार ने नहीं बढ़ाई समय सीमा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** पंजाब सरकार राज्य में दो और टोल प्लाजा बंद करने जा रही है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से अब तक 12 टोल प्लाजा बंद किए जा चुके हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लुधियाना से बरनाला वाया सुधार रायकोट महिल कलां में दो टोल प्लाजा हैं। इनमें एक टोल प्लाजा गांव रकबा के नजदीक मुल्लांपुर व दूसरा गांव महिल कलां के नजदीक है।

## कंप्यूटर शिक्षकों का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः हरियाणा** सरकार ने पिछले लंबे समय से अनुबंध के आधार पर काम कर रहे प्रदेश के कंप्यूटर शिक्षकों तथा कंप्यूटर लैब सहायकों का अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है। हरियाणा में 2200 कंप्यूटर लैब सहायक पिछले 13 वर्षों से और 2000 कंप्यूटर शिक्षक दस वर्षों से काम कर रहे हैं, जो बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा देने का काम करते हैं। शिक्षा विभाग इनका अनुबंध 31 मार्च को समाप्त होने जा रहा था। इसके चलते शिक्षा निदेशालय ने शनिवार को एक फैसला लेते हुए 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक अनुबंध बढ़ा दिया है। कंप्यूटर लैब सहायक वेलफेयर एसोसिएशन और कंप्यूटर शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष करमजीत संधू ने कहा कि हरियाणा सरकार ने शिक्षकों के अभाव को देखते हुए अनुबंध तो बढ़ा दिया है लेकिन वेतन में कोई

**राहत**

**हरियाणा में 2200 कंप्यूटर लैब सहायक पिछले 13 वर्षों से और 2000 कंप्यूटर शिक्षक दस वर्षों से काम कर रहे**

वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि इस समय कंप्यूटर लैब सहायक का वेतन मात्र 12 हजार रुपये है और शिक्षक का वेतन मात्र 18000 रुपये है जोकि बहुत कम है। इसमें परिवार का गुजारा करना बड़ा मुश्किल है। सरकार को वेतन बढ़ाना चाहिए और अनुबंध बढ़ोतरी को लेकर जो पत्र जारी किया गया है। उससे साफ होता है कि सरकार कंप्यूटर लैब सहायकों और कंप्यूटर टीचर्स को कौशल रोजगार निगम में ले जाने की तैयारी कर रही है। कंप्यूटर लैब सहायक तथा शिक्षक सरकार के इस फैसले का विरोध करेंगे।

## धर्मशाला में युवा कांग्रेस ने तैयार की चुनावी रणनीति

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशालाः** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के मद्देनजर शनिवार को धर्मशाला में बैठक कर अपनी रणनीति तैयार की। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव के अलावा धर्मशाला में विधानसभा चुनाव भी होना है, इसी को ध्यान में रखते हुए शनिवार को यूथ कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का आयोजन धर्मशाला में किया गया। जिसमें प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी विनीत कम्बोज, सह-प्रभारी योगेश हांडा, कार्यकारी अध्यक्ष यदुपति ठाकुर सहित सभी जिलाध्यक्ष व विधानसभा अध्यक्ष शामिल हुए। युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि लोकसभा चुनावों में युवा कांग्रेस रोजगार के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी। केंद्र की मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन इसके बावजूद देश व प्रदेश में बेरोजगारी लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में रोजगार का वादा पूरा न करने पर भाजपा को घेरा जाएगा। साथ ही भाजपा द्वारा हर चुनाव में महंगाई को कम करने की बात कही जाती है, लेकिन महंगाई घटने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही है।

**निर्देश जारी** पंकज सिंह कुछ दिनों से सुबह-शाम लोगों से सम्पर्क और बैठक कर राजनाथ सिंह को जिताने की अपील कर रहे

## उम्मीदवार राजनाथ सिंह के प्रचार में उतरे पंकज सिंह

**संवाद**

**कार्यकर्ता के आवास पर प्रबुद्धजनों से संवाद कर भाजपा उम्मीदवार के लिए मत करने की अपील की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भाजपा ने लखनऊ लोकसभा सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। लखनऊ लोकसभा सीट पर वैसे तमाम भाजपा नेता प्रचार में जुटे हैं। इसी बीच भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह चुनाव प्रचार में उतर आये है। पंकज सिंह कुछ दिनों से सुबह-शाम लोगों से सम्पर्क और बैठक कर उम्मीदवार राजनाथ सिंह को जिताने की अपील कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह ने शनिवार को अलीगंज क्षेत्र में सम्पर्क किया। अलीगंज क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता के आवास पर प्रबुद्धजनों से संवाद कर भाजपा उम्मीदवार के लिए मत करने की अपील की। इससे पहले भी पंकज सिंह ने चारबाग क्षेत्र के वरिष्ठ जनों से मुलाकात की। इस दौरान चारबाग होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मिले और उनसे अपनी ताकत लगाकर भाजपा के लिए मतदान कराने की अपील की। चारबाग होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन के सामने अवैध दुकानों का मामला उठाया।



जिस पर पंकज सिंह ने अपनी ओर से हर कोशिश करने का आश्वासन दिया। इसी तरह मोती नगर में लखनऊ अग्रहरि समाज समिति, कण्टोमेंट एरिया में अग्रवाल समाज के लोगों के साथ बैठक कर भाजपा उपाध्यक्ष ने उम्मीदवार राजनाथ सिंह के विकास कार्यों की जानकारी दी।